हरिभूमि
# रायपुर भूमि

नई इंटरसिटी एक्सप्रेस शुरू






# फूलों से सजी ट्रेन, स्मारक टिकट के साथ यात्रियों ने किया सफर, आज से नियमित परिचालन


- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रायपुर-जबलपुर नई रेलसेवा को दिखाई हरी झंडी
- रायपुर से जबलपुर तक का आरामदायक सफर 08 घंटे में होगा पूरा
- इंटरसिटी के परिचालन से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच बढ़ेगी संपर्क सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर ट्रेन को फूलों और गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया था। आमजनों में ट्रेन को देखने और उसमें सफर करने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पहले दिन स्मारक टिकट के साथ 200 से अधिक यात्रियों ने ट्रेन में यात्रा की। कई परिवारों ने जबलपुर तक का सफर किया, जबकि कुछ

⏭ शेष पेज 11 पर



**छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बड़े शहरों से जुड़ पाएंगे यात्री**

ट्रेन के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से आभार प्रकट किया। कहा कि बीते एक दशक में छत्तीसगढ़ का रेल बजट 21 गुना बढ़ा है। वर्ष 2025-26 के लिए 6900 करोड़ रुपए का रेल बजट आवंटित हुआ है। अब तक 47,447 करोड़ रुपए की रेल परियोजनाएं छत्तीसगढ़ में संचालित हैं। अमृत

⏭ शेष पेज 11 पर

## क्षेत्रीय व्यापार व पर्यटन को भी गति मिलेगी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह रेलसेवा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच बेहतर संपर्क का सशक्त माध्यम बनेगी। 410 किलोमीटर की दूरी को केवल 8 घंटे में तय करेगी। प्रदेश के यात्री अब सुगमता के साथ गोंदिया, बालाघाट और जबलपुर की यात्रा कर पाएंगे और इससे क्षेत्रीय व्यापार व पर्यटन को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू,

⏭ शेष पेज 11 पर

## यह है ट्रेन की समय सारिणी

**गाड़ी संख्या 11701**
**रायपुर से जबलपुर**

| | |
|---|---|
| रायपुरः | प्रस्थान दोप. 2:45 |
| दुर्गः | 3:22 |
| राजनांदगांवः | 3:48 |
| डोंगरगढ़ः | 4:13 |
| गोंदियाः | 5:50 |
| बालाघाटः | 6:50 |
| नैनपुरः | 8:15 |
| कछपुराः | 10:10 |
| मदनमहलः | 10:32 |
| जबलपुरः | आगमन 10:45 |

**गाड़ी संख्या 11702**
**जबलपुर से रायपुर**

| | |
|---|---|
| जबलपुरः | प्रस्थान सुबह 6:00 |
| मदनमहलः | 6:10 |
| कछपुराः | 6:25 |
| नैनपुरः | 7:55 |
| बालाघाटः | 9:22 |
| गोंदियाः | 10:10 |
| डोंगरगढ़ः | 11:33 |
| राजनांदगांवः | 11:58 |
| दुर्गः | 1:00 |
| रायपुरः | आगमन 1:50 बजे |



## खबर संक्षेप



### दुकान से उड़ाया लैपटॉप कंप्यूटर, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** देवेंद्र नगर पुलिस ने दुकान में चोरी करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल जब्त किया है। पुराना बस स्टैंड स्थित पगारिया कांप्लेक्स में दुकान संचालित करने वाले हेमराज भारती की शिकायत पर पुलिस ने अब्दुल हाशिम, अब्दुल अजीम उर्फ नज्जू को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने 30-31 जुलाई दरमियानी रात दुकान के शटर का ताला तोड़कर वहां लगा सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, लैपटॉप, कंप्यूटर, कैश 13 हजार रुपए सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।

### डेढ़ लाख की 4 बाइक जब्त धरे गए दो वाहन चोर

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए कीमत की चोरी की गई चार बाइक जब्त की हैं। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने अर्जुन मेश्राम तथा सुभाष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज तथा बाइक बेचने के फिराक में ग्राहक तलाशते पकड़ा है।

### 34 पौवा देशी शराब बरामद धरा गया कोचिया

**रायपुर।** उरला पुलिस ने एक कोचिए को शराब की अवैध बिक्री करते गिरफ्तार किया है। युवक के कब्जे से पुलिस ने साढ़े तीन हजार रुपए कीमत की 34 पौवा देशी शराब जब्त की है। शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने सक्ती जिला निवासी भुनेश्वर सोनी को गिरफ्तार किया है। शराब दुकान बंद होने के बाद भुनेश्वर लोगों को शनि मंदिर के पास शराब बेचने मोलभाव कर रहा था। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर भुनेश्वर को गिरफ्तार उसके झोले से शराब बरामद की।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर साथियों ने पीटा

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक व्यक्ति ने अपने चार साथियों के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। करण विश्वकर्मा ने मंजीत यादव, यश साहू, विक्रम तथा बल्ला निषाद के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। करण ने पुलिस को बताया कि शनिवार दोपहर उसके दोस्त मंजीत तथा अन्य साथी आए। सभी उसे दोपहर को घूमने जाने की बात कह अपने साथ ले गए। रास्ते में सभी ने शराब पीने योजना बनाई। करण ने अपने पास पैसे नहीं होने के बात कही तो मंजीत सहित उसके अन्य दोस्तों ने उससे मारपीट की।

विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में निकाली थी कांवड़ यात्रा

# गुढ़ियारी से महादेवघाट जाने वाले मार्ग पर लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सावन महीने के आखिरी सोमवार को लेकर रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में रविवार को निकाली गई कांवड़ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़ यात्रा की वजह से गुढ़ियारी से लेकर महादेवघाट पहुंच मार्ग तक जाम की स्थिति निर्मित हुई। जाम से निपटने पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। तेलघानी नाका के पास लंबा जाम लगा रहा। तेलघानी नाका के पास ट्रैफिक स्मूथ करने ट्रैफिक पुलिस के जवान जूझते नजर आए।

कांवड़ यात्रा गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर में पूजा करने के बाद निकाली गई। जहां हनुमान मंदिर के पास कांवड़ यात्री बड़ी संख्या में जुटने लगे। इसके चलते हनुमान मंदिर से श्रीनगर जाने वाले राहगीर जाम में फंसते नजर आए। जाम को देखते हुए कई लोग मार्ग बदलकर श्रीनगर जाने के लिए निकले। हनुमान मंदिर से कांवड़ यात्रा शुक्रवारी बाजार होते हुए पहाड़ी चौक पहुंची। इस मार्ग पर भी लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

**जाम से निपटने लगी थी पुलिस और ट्रैफिक अमले की ड्यूटी**




**अंडरब्रिज में लोग फंसे :** कांवड़ यात्रा पहाड़ी चौक, शुक्रवारी बाजार होते हुए तेलघानी नाका के पास पहुंची, तब तेलघानी नाका अंडरब्रिज के नीचे गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। तेलघानी नाका के पास जाम लगने की बड़ी वजह अंडरब्रिज से तीन तरफ का मार्ग मिलता है, साथ ही स्टेशन आने जाने वालों की इस मार्ग पर खासी भीड़ रहती है। इस वजह से तेलघानी नाका के पास लंबा जाम लग गया। तेलघानी नाका के बाद कांवड़ यात्रा अग्रसेन चौक के लिए निकली तो इस मार्ग पर भी जाम की स्थिति निर्मित हुई। लोगों को रूट डायवर्ट कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

### लाखेनगर से महादेवघाट रोड तक जाम की स्थिति

अग्रसेन चौक से कांवड़ यात्रा लाखेनगर चौक, सुंदर नगर के रास्ते महादेवघाट जाने के लिए निकली। इसके चलते लाखेनगर से सुंदरनगर मार्ग पर भी आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित रही। आगामी शनिवार को रक्षाबंधन होने की वजह से रविवार को भी लाखेनगर सहित आश्रम रोड में राखी सहित अन्य सामान खरीदी करने वालों की भीड़ थी। कांवड़ यात्रा तथा पर्व के लिए खरीदी करने आने वाले लोगों की वजह से भी जाम की स्थिति निर्मित हुई। कांवड़ यात्रा शाम 5 बजे के करीब महादेवघाट पहुंची। कांवड़ यात्रियों के महादेवघाट पहुंचने के बाद ही आवाजाही सामान्य हो पाई। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा में कई थाना क्षेत्रों के पुलिस बल तैनात किए गए थे।

## बारिश थमने से बढ़ा तापमान फिर सताने लगी गर्मी, पिछले साल 39 डिग्री तक पहुंचा था पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश थमने की वजह से तापमान के साथ प्रदेश में गर्मी भी बढ़ने लगी है। पिछले साल रायपुर का पारा 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था, जिसने पुराने नौ साल के रिकार्ड को ब्रेक किया था। प्रदेश में अभी मानसून के पुनः सक्रिय होने के लिए चार से पांच दिन इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि कुछेक इलाकों में भारी बारिश हो रही है।



- मानसून के पुनः सक्रिय होने में चार से पांच-दिन का इंतजार

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, प्रदेश में जुलाई की तरह अगस्त का महीना भी बारिश वाला होता है। इस महीने मानसून ब्रेक की स्थिति भी अक्सर बनती है, जिसके कारण लंबे समय तक वर्षा की गतिविधि में विराम लगता है। इसका सीधा असर दिन में उमस भरी गर्मी के रूप में महसूस होता है। अगस्त की शुरुआत में नया सिस्टम नहीं होने की वजह से पिछले तीन दिन से बारिश नहीं हुई है और अगले चार से पांच दिन तक यही स्थिति रहने की उम्मीद है। अभी मानसून द्रोणिका माध्य समुद्रतल पर अमृतसर, चंडीगढ़, होते हुए दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिम विहार और उससे लगे उत्तर-पूर्व उत्तरप्रदेश के ऊपर 4.5 किमी. ऊंचाई पर मौजूद है, मगर यह प्रदेश में बारिश का कारण नहीं बन रहा है। यहां व्यापक वर्षा के लिए बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम का ओडिशा की ओर आगे बढ़ना जरूरी है। अभी इस तरह का सिस्टम तैयार नहीं हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा और बलरामपुर जिले के कुछ इलाकों में भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई। अगले चौबीस घंटे में भी इसी तरह की स्थिति बनने की संभावना है। रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था।

## रीएजेंट घोटाले में ईडी जांच के दायरे में तीन आईएएस अफसर, होगी पूछताछ

- ईओडब्ल्यू द्वारा जेल भेजे गए आरोपियों को गिरफ्तार कर सकती है ईडी


मेडिकल घोटाले में अफसरों का खुला खेल, ... नियम को हटाकर खरीदी 121 करोड़ की ... टेस्ट किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीजीएमएससी तथा स्वास्थ्य विभाग में 660 करोड़ रुपए के रीएजेंट तथा मेडिकल उपकरण आपूर्ति घोटाला में ईडी ने जांच तेज कर दी है। घोटाले को लेकर ईडी के अफसर तीन सीनियर आईएएस अफसरों से पूछताछ कर सकते हैं, जो घोटाले के दौरान छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) में पदस्थ थे। रीएजेंट घोटाले में मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा सहित आधा दर्जन लोग पहले से जेल भेजे जा चुके हैं। ईडी उन सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट से पुलिस रिमांड हासिल कर पूछताछ कर सकती है।

रीएजेंट तथा मेडिकल उपकरण घोटाले को लेकर ईओडब्ल्यू कोर्ट में चालान पेश कर चुकी है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक, घोटाले में कई और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। ईडी ने रीएजेंट घोटाले में अप्रैल में ईसीआईआर दर्ज की है। ईसीआईआर दर्ज करने के तीन माह बाद जुलाई के अंतिम सप्ताह में ईडी के अफसरों ने रायपुर तथा भिलाई में छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के दौरान ईडी के अफसरों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। दस्तावेजों के अवलोकन के बाद ईडी तीन सीनियर आईएएस अफसरों से पूछताछ के लिए नोटिस जारी करने की तैयारी है। जिन तीन आईएएस अफसरों को ईडी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है, ईओडब्लू के अफसर उनसे पहले पूछताछ कर चुके हैं।

**किसी बड़े अफसर-नेता के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं**

रीएजेंट घोटाले में ईओडब्ल्यू ने जिन लोगों को आरोपी बनाया है, उनमें मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा तथा दवा निगम के तत्कालिक उप महाप्रबंधक बसंत कुमार कौशिक, कमलकांत पाटनवार, डॉ. अनिल परसाई, क्षिरौद्र रौतिया, दीपक बांधे को आरोपी बनाया गया है। ईडी के अफसर घोटाले में कई और बड़े लोगों के शामिल होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। जिम्मेदारों से पूछताछ के बाद ईडी कुछ और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है।

## रेबीज से मौत... संक्रमण से बचाव की वैक्सीन लगवाकर चिकित्सकीय टीम ने किया पोस्टमार्टम

*वार्ड से कैसे निकला मरीज, शरीर पर चोट के निशान कैसे, स्पष्ट नहीं*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुत्ते के पिल्ले के काटने के करीब सात माह बाद रेबीज के प्रभाव से जान गंवाने वाले संतोष ध्रुव का पोस्टमार्टम करने से पहले चिकित्सकीय टीम ने प्रोफिलैक्टिक वैक्सीनेशन कराया। रेबीज के प्रभाव से एग्रेसिव हो चुका संतोष वार्ड से कैसे बाहर निकला और उसके शरीर पर चोट के निशान कैसे बने, यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है। मरीज के सिर और चेहरे पर संभावित चोट की गंभीरता का पता लगाने सीटी स्कैन उसकी उग्रता की वजह से नहीं कराया जा सका, जबकि घटना के बाद उसे सामान्य स्थिति में होने का दावा किया गया है।

बिलासपुर के पंडरिया में रहने वाले 38 वर्षीय संतोष ध्रुव को 31 जुलाई को रेबीज संक्रमण की वजह से इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। दो दिन उपचार प्रक्रिया और अन्य तरह की घटनाओं की वजह से उसने दम तोड़ दिया था। संतोष के शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया। वह रेबीज संक्रमित था और संपर्क में आने वालों को भी इंफेक्शन का खतरा था। सावधानी बरतते हुए चिकित्सकीय स्टाफ ने पोस्टमार्टम से पहले अपना वैक्सीनेशन कराया। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया है कि इलाज के दौरान 2 अगस्त को सुबह 7 बजे के लगभग वार्ड की नर्सिंग स्टाफ को मरीज के परिजनों से सूचना मिली कि मरीज अपने आइसोलेशन कक्ष में नहीं है। कुछ समय बाद संतोष ध्रुव कोविड वार्ड के प्रवेश द्वार के पास बैठा हुआ पाया गया। मरीज ने मुंह एवं चेहरे पर चोट लगने एवं पैरों में दर्द होने की शिकायत की थी, उसे चोट कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया, जबकि बात सामने आई थी कि वार्ड से निकलकर वह नीचे कूद गया था। चेहरे और सिर की संभावित चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए सीटी स्कैन कराना आवश्यक था, लेकिन मरीज रेबीज के प्रभाव के कारण इतना एग्रेसिव हो गया था कि उसका सीटी स्कैन कराना संभव नहीं हो सका। मरीज को वापस आइसोलेशन कक्ष में ले जाया गया। इसी दौरान दोपहर 12.30 बजे के आसपास मरीज की मृत्यु हो गई।

- सिर की संभावित चोट की गंभीरता पता लगाने नहीं हो सका सीटी स्कैन



## शोरूम में कार उतारते लिफ्ट सेल्समैन पर गिरी, हालत नाजुक, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरोना स्थित एमजी कार शोरूम के सेल्समैन पर रविवार को कार उतारने चढ़ाने वाली लिफ्ट गिर गई। लिफ्ट गिरने से सेल्समैन बुरी तरह से घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है, लिफ्ट गिरने से गंभीर रूप से घायल सेल्समैन की हालत नाजुक बनी हुई है। सेल्समैन के सिर, कमर तथा रीढ़ की हड्डी में गंभीर रूप से चोटें आई हैं। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है।

- सरोना स्थित एमजी कार शोरूम की घटना

पुलिस के अनुसार लिफ्ट गिरने से राज एस. राव (25) गंभीर रूप से घायल हुआ है। शाम पांच बजे के करीब राज लिफ्ट से कार उतरवा रहा था। इस दौरान लिफ्ट टूटकर नीचे गिर गई। राज लिफ्ट के नीचे खड़ा था। इस वजह से वह लिफ्ट के नीचे दब गया। मौके पर उपस्थित स्टाफ राज को लिफ्ट से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल ले गया। राज की गंभीर हालत को देखते हुए उसका उपचार आईसीयू में चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने अब तक कार शोरूम में लगे सीसीटीवी फूटेज को अपने कब्जे में नहीं लिया है, साथ ही देर शाम तक पुलिस घटनास्थल पर पड़ताल करने नहीं पहुंची थी। सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल के बाद घटना के कारणों का पता चल पाएगा।

### युवक को रास्ते में रोककर बेवजह मारपीट, केस

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ अकारण मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शीतला चौक निवासी सूरज नायडू ने लोचन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया कि वह अपनी एक्टिवा से घर जा रहा था।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**रायपुर।** टाटीबंध यातायात पुलिस ने शनिवार को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर बैनर के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात के नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। बैनर में लोगों से अपील की गई कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें, दुर्घटना से बचें, साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट और शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत प्रमुखता से दी गई। इसके साथ ही वाहन चालकों को बताया गया कि नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने चौराहों पर खड़े रहकर पंपलेट बांटे, पोस्टर दिखाए और लोगों को नियमों की जानकारी दी। पुलिस का यह प्रयास सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाई जा सके और लोग खुद से नियमों का पालन करें।

### उप मुख्यमंत्री साव आज जीपीएम जिले के प्रवास पर

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरी प्रशासन, लोक निर्माण, विधि एवं विधायी कार्य व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव 4 अगस्त सोमवार को जीपीएम जिले के प्रवास पर रहेंगे। नगर पालिका परिषद बस स्टैंड गौरेला में सुबह 11बजे 1 करोड़ 72 लाख 86 हजार रुपए की लगत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तोखन साहू, जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मरवाही प्रणव कुमार मरपची एवं विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गौरेला मुकेश दुबे साहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहेंगे। लोकार्पण कार्यों में रानी दुर्गावती चौक उन्नयन कार्य लागत 6.86 लाख, डॉ भंवर सिंह पोर्ते प्रतिमा अनावरण लागत 10 लाख, विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना मद अंतर्गत कार्य 77.76 लाख, 15वें वित्त अंतर्गत कार्य लागत 48.41 लाख, सांसद निधि अंतर्गत कार्य लागत 13.50 लाख और तीन स्थानों मैं हाई मास्ट लाइट स्थापना कार्य लागत 16.33 लाख रुपए शामिल है।

### प्रदेश में अब तक 631.2 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 631.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1004.5 मिमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 328.3 मिमी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 581.0, बलौदाबाजार में 555.9, गरियाबंद में 496.9, महासमुंद में 538.1 और धमतरी में 498.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 671.9, मुंगेली में 678.7, रायगढ़ में 791.2, जांजगीर-चांपा में 860.9, कोरबा में 695.8, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 627.4, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 590.6, सक्ती में 726.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 506.5, कबीरधाम में 472.2, राजनांदगांव में 551.8, बालोद में 591.9, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 791.1, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 451.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 466.3, सूरजपुर में 804.1, जशपुर में 709.2, कोरिया में 738.1 और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 701.2 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 725.4, कोंडागांव में 478.7, नारायणपुर में 592.8, बीजापुर में 803.9, सुकमा में 495.0, कांकेर में 642.3, दंतेवाड़ा में 662.4 मिमी. और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया विधानसभा भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण पर है। रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विधानसभा भवन स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समयसीमा सितंबर तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि राज्योत्सव के अवसर पर इसे जनता को समर्पित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य का यह रजत जयंती वर्ष है, जिसे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवीन विधानसभा भवन का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर अग्रसर है। रजत जयंती वर्ष पर राज्य को एक नया, भव्य विधानसभा भवन प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्योत्सव कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है और उनके करकमलों से इस नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान अजय जामवाल, पवन साय, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी उपस्थित थे।

### विस भवन निर्माण कार्य अंतिम चरण पर, सितंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश

#### समय पर होगा लाकार्पण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नए विधानसभा भवन का निर्माण अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। विधानसभा सदन, विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष, मुख्यमंत्री का कक्ष तथा सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर निर्माण की प्रगति का निरीक्षण किया गया। निर्धारित समय पर नवीन विधानसभा भवन का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।



#### 52 एकड़ में निर्मित

52 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित यह नवीन विधानसभा भवन आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सांस्कृतिक सौंदर्य से युक्त एक भव्य परिसर होगा। सदन में 200 विधायकों के बैठने की क्षमता के साथ-साथ 500 दर्शकों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम भी होगा। परिसर में 700 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है तथा डेढ़-डेढ़ एकड़ क्षेत्र में दो प्रस्तावित सरोवर, विकसित किए जाएंगे।

### खारंग, खपरी, मनियारी, घोंघा, छीरपानी, झुमका और खम्हारपाकुट, रूसे छलके

# लगातार बारिश से बांधों में 70 प्रतिशत जलभराव, बांगो-गंगरेल एक तिहाई भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सावन में हुई तेज बारिश के कारण राज्य के प्रमुख बांधों में 69.94 प्रतिशत जलभराव हो गया है। बिलासपुर स्थित खारंग बांध, दुर्ग जिले का खपरी जलाशय, मुंगेली जिले का मनियारी, कबीरधाम जिले का छीरपानी, बिलासपुर का घोंघा जलाशय, रायगढ़ जिले का खम्हारपाकुट, दुर्ग जिले का खपरी, राजनांदगांव का रूसे और धारा, कोरिया जिले का झुमका और राजनांदगांव का पिपरिया नाला जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल 46 प्रमुख जलाशयों में से रायगढ़ जिले के किनकारी नाला जलाशय में 95.77 प्रतिशत से अधिक, जबकि कर्रा नाला, बेहराखार जलाशय में 92 प्रतिशत से अधिक जलभराव है।

धमतरी जिले में पिछले सप्ताह से हो रही बारिश से बांधों की स्थिति में सुधार आया है। 27 जुलाई तक गंगरेल बांध का जलस्तर बढ़कर 62.87 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 75.91 प्रतिशत हो गया। गंगरेल बांध के केचमेंट एरिया में हो रही बारिश से बांध में 1935 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। इसी तरह माडमसिल्ली बांध में 41.83 प्रतिशत पानी भर गया है। सोंढूर बांध में 35.68 प्रतिशत पानी भर गया है। दुधावा बांध में 30.55 प्रतिशत पानी भर गया है। केचमेंट एरिया से दुधावा में पानी की आवक कमजोर है।



#### मनियारी छलका, छोड़ा जा रहा पानी

लगातार बारिश के कारण मनियारी जलाशय लबालब हो गया। जलाशय में 75 फीट से अधिक जल संचय हो चुका है। सिचाई विभाग ने वेस्ट वियर से 2.4 फीट पानी मनियारी नदी में दर्ज किया है। मनियारी जलाशय के ऊपरी हिस्से से पानी का तेज बहाव आ रहा है, जिसके कारण जलाशय में 101 प्रतिशत पानी का भराव हो गया है। राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूस गेट के माध्यम से जलनिकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो, झुमका, घोंघा, रूसे और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है।

#### लगातार जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि

पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश से प्रदेश के सभी जिलों में स्थित जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। मिनीमाता बांगो बांध में अब तक चार दिन में करीब 16 प्रतिशत अधिक जलभराव हुआ है। 75.26 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सिकासार बांध में 77.17 प्रतिशत, कोडार डेम में 55.55 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इसी तरह अरपा-भैंसाझार और मायना जैसे जलाशयों में 25 प्रतिशत, गोंदली बांध में 46.44 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 75.45 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 50.73 प्रतिशत, परलकोट डेम में 79.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 72.67 प्रतिशत जलभराव है।

# आयुष्मान से इलाज करने में छत्तीसगढ़ देश में चौथा, अब तक 78 लाख लोगों को मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश में चौथे स्थान पर है। इसके माध्यम से अब तक प्रदेश के 78 लाख लोगों ने उपचार की सुविधा प्राप्त की है। राज्य में शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता और वय वंदना कार्ड का लाभ लोगों को मिल रहा है।

- आयुष्मान, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता के साथ वय वंदना योजना का लाभ

दो स्वास्थ्य योजनाओं की एकीकृत व्यवस्था से प्रदेश में अधिकतम लाभार्थियों को नकद रहित इलाज की सुविधा निजी और सरकारी अस्पताल में मिल रही है। इसकी वजह से शासकीय अस्पतालों में उपचार की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो सरकार के स्वास्थ्य ढांचे में जनता के बढ़ते विश्वास का संकेत है। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वय वंदना योजना को भी राज्य में मजबूत किया गया है। इसके तहत अब तक 4.5 लाख से अधिक वय वंदन कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे राज्य के 48 प्रतिशत राशन कार्डधारी वृद्धजन लाभान्वित हुए हैं। पंजीयन को प्रोत्साहित करने के लिए आशा कार्यकर्ता, ग्राम सभाएं, शहरी स्वास्थ्य मंच, वृद्धाश्रमों और आवासीय कॉलोनियों में लक्षित पहुंच सुनिश्चित की गई है। साथ ही, 104 कॉल सेंटर के माध्यम से निरंतर संपर्क और सेवा सुविधा दी जा रही है। विशेष प्रयास के तहत 6 जिलों को 'वय मित्र जिला' के रूप में चिह्नित कर राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बना रही है।

# स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर होगा हर घर तिरंगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ समेत देशभर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम होगा। यह आयोजन 2 अगस्त से शुरू हुआ है और 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जाएगा। इस बार इसकी थीम स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग रखा गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि आम जनता में देशभक्ति की भावना का विकास हो और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो।

- शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा

अभियान के दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली बनाई जाएगी, और सेल्फी ज़ोन तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने के लिए पंपलेट, बैनर, स्टैंडीज़ आदि के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में जोरदार प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह अभियान नागरिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को भी समाहित किया गया है।



#### तीन चरणों में होगा

प्रथम चरण -2 से 8 अगस्त
दूसरा चरण-9 से 12 अगस्त
तीसरा चरण-13 से 15 अगस्त

#### ग्राम पंचायतों में तिरंगे व स्टीकर्स भी बांटे जाएंगे

कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंचों, नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तिरंगे के निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा ग्राम पंचायतों में तिरंगे की बिक्री एवं वितरण के लिए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य के सभी जिलों में डाकघर और उचित मूल्य की दुकानें तिरंगे के वितरण-बिक्री केंद्र के रूप में कार्य करेंगी।

#### ये कार्यक्रम होंगे आयोजित

अभियान के दौरान विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण के लिए कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा। तीसरे चरण में शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों एवं पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इसी अवधि में स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियां भी की जाएंगी।



### खरीफ सीजन में किसानों ने लिया 5900 करोड़ ऋण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक मानसून की गतिविधि अनुकूल होने के कारण राज्य में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई से संबंधित काम तेजी पर है। इस बीच सहकारी क्षेत्र से किसानों ने 5 हजार 900 करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। इसके साथ ही किसानों की मांग के अनुरूप खाद भी उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार का दावा है कि अब तक 10.91 लाख मीट्रिक टन खाद किसानों में वितरित की जा चुकी है। खेती के इस सीजन में किसानों को भले ही डीएपी खाद के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, लेकिन सरकार के प्रयास से अन्य खाद की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में 14.62 लाख मीटरिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 14.47 लाख मीटरिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया और किसानों को अब तक 10.91 लाख मीटरिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

# कांग्रेस में मंडल समितियों का गठन जारी, कई ब्लॉक की सूची जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विस्तार और नई नियुक्तियों के लिए चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी ब्लॉक में प्रभारियों ने बैठक लेकर मंडल कमेटी का गठन शुरू कर दिया है। कई ब्लॉक संगठनों की सूची पीसीसी को सौंप दी गई है। पीसीसी में सभी प्रभारी अपनी रिपोर्ट जमा भी कर रहे हैं। बताया गया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं रायपुर जिला के प्रभारी डॉ. शिव डहरिया ने 5 अगस्त तक इस कार्य के लिए समयसीमा निर्धारित की है। प्रत्येक मंडल में 21 सदस्यीय कमेटी बनाई जानी है, इसके अलावा सेक्टर प्रभारी और पांच बूथ के पीछे एक सेक्टर इंचार्ज का समावेश होना है।

- कल तक सभी सूची जमा करने के निर्देश

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तय समय पर सभी प्रभारियों से अपने क्षेत्रों की बैठक लेकर मंडल समिति गठित करने कहा है।



उल्लेखनीय है कि एआईसीसी ने प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए सितंबर तक सभी पदों पर नियुक्ति पूरी करने का प्लान बनाया है। प्रदेश संगठन को आगामी तीन माह में यह कार्य पूरा करने का समय दिया था। जिला और ब्लॉक कमेटियों माध्यम से मंडल कमेटी और सेक्टर इंचार्ज बनाने का कार्य पूरा किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान में मंडल एवं सेक्टर प्रभारी बनाए जाने को लेकर बैठकों का अंतिम दौर जारी है। संगठन सृजन कार्यक्रम के जरिए पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है। सभी कार्यकर्ता से आव्हान किया गया है कि एकजुट होकर पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।

#### महिला-युवा समेत सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास

कांग्रेस संगठन इस बात को भी ध्यान दिया जा रहा है कि संगठन में सभी वर्ग लोगों को प्रतिनिधित्व मिले। साथ ही महिलाओं की भागीदारी पर्याप्त हो, इसे भी सुनिश्चित किया जा रहा है। संगठन में 50 प्रतिशत युवाओं एवं 50 वर्ष कम उम्र के लोगों को प्राथमिकता दी जानी है। संगठन में नए युवाओं को भरपूर मौका दिया जाएगा, साथ ही महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक बूथ में कम से कम पांच-पांच लोगों की हो इसका निर्णय लिया है।

#### गुरु घासीदास ब्लॉक की बैठक

कांग्रेस संगठन द्वारा लगातार बैठकों के अंतर्गत रविवार को गुरु घासीदास ब्लॉक के अलग-अलग स्थान पर बैठक ली गई, जिसमें प्रभारी प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं ब्लॉक अध्यक्ष दीपक बग्गा मौजूद थे। बैठक में संगठन को मजबूती से तैयार करने का निर्णय लिया।

#### बिरगांव की सूची जमा


प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र प्रसाद बंजारे के नेतृत्व में मंडल अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सचिवों, कोषाध्यक्षों, और कार्यकारिणी सदस्यों की सूची सर्वसम्मति से तैयार की गई। यह सूची प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के रायपुर जिला प्रभारी डॉ. शिवकुमार डहरिया को सौंपी गई।

### छत्तीसगढ़ में ढाई साल में डेढ़ दर्जन के करीब हो चुका अंगदान

# ब्रेनडेड मरीजों की देह दान करने वाले रिश्तेदारों का एमपी में सम्मान, छत्तीसगढ़ में कुछ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ब्रेनडेड होने वाले अपने सगे संबंधियों का अंगदान करने वाले रिश्तेदारों का मध्यप्रदेश में सम्मान किया जाएगा। शासन के आदेश के अनुरूप वहां 15 अगस्त को लेकर इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में पिछले ढाई साल से यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है, मगर अब तक इस तरह की योजना पर ध्यान नहीं दिया गया है। राज्य में नवंबर 2022 से अंगदान की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और कई परिवारों ने अपने सगे संबंधियों के ब्रेनडेड होने के बाद



किडनी, लिवर जैसे महत्वपूर्ण अंगों के रूप में दूसरों को जीवनदान दिया है। एक परिवार का पिछले दिनों दिल्ली में सम्मान किया गया था, मगर स्थानीय स्तर पर इस तरह के सम्मान की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं की गई है। अंगदान को सबसे बड़ा दान का दर्जा देने के दावों के बीच लोगों का जीवन बचाने के लिए इस तरह का फैसला लेने वालों को सम्मानित किए जाने की योजना पर अब तक विचार नहीं किया गया है। दूसरी ओर मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस पर ऐसे लोगों का सम्मान जिला स्तर पर किए जाने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही अंगदान करने वाले शख्स के पार्थिव शरीर को भी गार्ड ऑफ ऑनर देने की योजना बनाई गई है और इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

#### प्रदेश में 209 की वेटिंग

*प्रदेश में किडनी, लिवर जैसे महत्वपूर्ण अंग प्राप्त करने के लिए राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास 209 आवेदन पेडिंग हैं। इसमें 180 लोगों को किडनी की जरुरत है और 27 लोगों को लिवर की आवश्यकता है जिनके पास दोनों तरह के अंग प्राप्त करने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। राज्य में अब तक 27 प्रत्यारोपण पूर्ण किया गया है जिसमें 21 को किडनी और 6 को लिवर प्राप्त हुआ है।*



# सेहत के लिए खटिए पर सोना लाभकारी लेकिन आज विलुप्ति की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकास के दौर में जहां गांव की परंपराएं धीरे-धीरे आधुनिकता की चकाचौंध में गुम हो रही हैं, वहीं कुछ ग्रामीण आज भी अपने सांस्कृतिक मूल्यों और पारंपरिक जीवनशैली को संभाले हुए हैं। आरंग विकासखंड के ग्राम फरफ़ौद निवासी राकेश साहू इन्हीं लोगों में एक हैं, जो आज भी खटिया जैसी पारंपरिक विरासत का उपयोग कर रहे हैं वो भी बिना किसी लागत के, अपने ही हाथों से बनाई हुई। पुराने जमाने में खटिया हर ग्रामीण घर का प्रमुख हिस्सा होती थी। चार लकड़ी के पाए, मजबूत रस्सी की बुनाई और घरेलू संसाधनों से तैयार यह खटिया आराम के साथ-साथ गाँव की सादगी, आत्मनिर्भरता और जीवन के कलेवर को दर्शाती थी। जहां आज शहरों और कस्बों में महंगे पलंगों, गद्दों और सोफों का चलन है, वहीं खटिया एक समय घर, बैठक, आंगन, चौपाल और खेतों तक की पहचान हुआ करती थी।

## फरफौद के राकेश साहू इस परंपरा को जीवंत बनाने के लिए हैं सक्रिय





### पटसन की डोरी से गांथी जाती है

खटिया के लिए उपयोगी रस्सी मुख्य रूप से सन (सनई), पटसन (जुट) नारियल रेशा से तैयार की जाती है।सन के पौधों को सुखाया जाता है और फिर कुछ दिनों तक पानी में भिगोया जाता है, ताकि रेशा मुलायम हो जाए।हाथ या लकड़ी के औजार से पौधों से रगड़कर रेशा निकाला जाता है। दो व्यक्ति मिलकर पारंपरिक तरीके से रस्सी को कातते हैं। घूर्णन विधि से रस्सी को बल देकर लंबाई में तैयार किया जाता है।रस्सी को टूटने से बचाने और लचीला बनाने के लिए उसमें सरसों या नारियल तेल लगाया जाता है।अधिकांश किसान इसे अपने खेतों से उत्पन्न कच्चे माल से तैयार करते थे।खटिया बुनाई के लिए तैयार रस्सी को लकड़ी के फ्रेम पर इस तरह गूंथा जाता है कि वह तिरछे और आड़े तिरछे पैटर्न में मजबूत जाल तैयार करे। इस बुनाई को कसकर बांधने के लिए कभी-कभी लकड़ी की कील या लोहे की डंडी का भी उपयोग किया जाता था।

### आने वाली पीढ़ी के लिए उदाहरण

वैसे तो राकेश साहू पिता बिसहत साहू एम ए संस्कृत बीई एडपीजीडीसीए बी लाइब्रेरी हैंड कंपोजिंग की हासिल कर बेरोजगार बैठे श्री साहू इस को जीवित रखकर आने वाली पीढ़ी के लिए एक उदाहरण बन रहे हैं। खटिया महज एक सोने का साधन नहीं, बल्कि भारतीय ग्राम्य जीवन की सरलता, आत्मनिर्भरता, परिश्रम और पर्यावरण मित्रता का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप



### नवोदय व उत्कर्ष परीक्षाओं में मयंक व प्रतीक का चयन

**आरंग।** विकासखंड आरंग के शासकीय प्राथमिक शाला बाराडेरा (धनसूली) संकुल केंद्र नरदहा के दो छात्र मयंक जांगड़े पिता मनोज जांगड़े एवं प्रतीक ध्रुव पिता भारत ध्रुव ने जवाहर नवोदय विद्यालय में सफलता प्राप्त की एवं जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत परीक्षा में भी सफल होकर विकासखंड को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने बधाई देते हुवे कहा कि अब ये होनहार छात्र छत्तीसगढ़ राज्य के उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में अध्ययन करेंगे और उन्होंने उनकी इस सफलता को विकासखंड का गौरव बताकर शुभकामनाएं दी तथा शिक्षकों को भी बधाई दी। इस अवसर पर हर्ष एवं बधाई देने वाले विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, प्रधान पाठक मौसमी शर्मा, शिक्षक गण अमित दत्ता, पार्वती साहू, बसंत बारिक एवं ग्राम वासियों की भी सहभागिता रही।

### 1.24 किलो का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**सिलयारी।** सिलयारी चौकी के अन्तर्गत कुछ गांवों में अवैध कारोबार गांजा शराब की सूचना लगातार आ रही थी।जिसकी शिकायत पर रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन पर सिलयारी चौकी प्रभारी जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व पर चौकी के स्टाफ व्दारा 1अगस्त दिन शुक्रवार को सिलयारी के पाडे पारा में निवासी बुधारु राम टंडन पिता भीखऊ टंडन छापा मारी जिसके घर पर अवैध गांजा बेचते पाया गया। आरोपी बुधारू राम टंडन के पास लगभग 1.24 ग्राम जिसकी कीमत 1240/- है और 120 नगद के साथ जप्त कर भादंवि की धारा 20(ख) तहत कार्रवाई कर आरोपी बुधारू राम टंडन को जेल भेजा गया।

### एफएलएन वेबिनार में भितिया आखर दीवार पत्रिका का किया गया प्रदर्शन



**आरंग।** शुक्रवार को समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय वेबिनार आयोजित किया गया। जिसमें मूलभूत साक्षरता एवं अंक गणितीय कौशल कार्यक्रम पर गहन चर्चा की गई। इस बेबीनार में राज्य भर के शिक्षक और अधिकारीगण शामिल हुए। जिसमें नवीन प्राथमिक शाला रसनी की शिक्षिका शीला गुरु गोस्वामी ने अपने विद्यालय की दीवार पत्रिका भितिया आखर की प्रस्तुति दी। दीवार पत्रिका भितिया आखर में प्राथमिक स्तर के छात्रों द्वारा बनाए गए रंग-बिरंगे चित्र, आलेख और शैक्षिक गतिविधियां प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक लेखन और संख्यात्मक कौशल को प्रोत्साहित करना है। शिक्षिका गोस्वामी ने बताया, /"यह दीवार पत्रिका छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करती है।

### सेवानिवृत्त एचएम निर्मलकर को दी समारोहपूर्वक विदाई



**अभनपुर।** बजरंग दास अभनपुर संकुल में आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंडी के सेवा निवृत्त प्रधान पाठक घनश्याम निर्मलकर को संकुल स्तरीय विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक एस.आर. यादव, नोडल प्राचार्य श्रीमती ईला सेंगर एवं संकुल के सभी प्रधान पाठकों ने उन्हें पेन, डायरी, साल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। श्री यादव द्वारा सम्मान पत्र का वाचन कर श्री निर्मलकर के योगदान और उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। सेवानिवृत्त श्री निर्मलकर ने भावुक होते कहा कि मेरे लिए शिक्षण सिर्फ एक पेशा नही,जुनुन था,बच्चो को पढ़ाते मैने जीवन के अंसख्य अनुभव सीखे और मै आज मेरे मन मे संतोष है कि मैने अपना कर्तव्य को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया।

पर्व : जिपं अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में महिलाएं कांवड़ के साथ हैं शामिल

# विधायक अनुज ने निकाली कांवड़ यात्रा सोमनाथ धाम में आज करेंगे जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- शिव मंदिर चरौदा से निकली गई 25 किमी की कांवर यात्रा

रविवार की सुबह धरसींवा भक्ति और आस्था के एक अद्भुत संगम का साक्षी बना। विधायक अनुज शर्मा के नेतृत्व में एक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने हजारों शिव भक्तों को एक साथ जोड़ा और पूरे क्षेत्र में भक्ति की एक नई लहर पैदा कर दी। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने और सामाजिक समरसता का संदेश देने का एक बेहतरीन उदाहरण बन गया। सुबह 8 बजे, शिव मंदिर चरौदा से शुरू हुई यह कांवड़ यात्रा किसी महाकुंभ से कम नहीं थी। विधायक अनुज शर्मा स्वयं कांवड़ लेकर, लगभग 2000 शिव भक्तों के साथ सोमनाथ धाम के लिए रवाना हुए। इस यात्रा में महिलाओं की भी बड़ी संख्या देखने को मिली। अपनी कांवड़ें कंधे पर लिए ये सभी भक्तगण 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे।







### झांकी और भक्ति ने बनाया माहौल

यह कांवड़ यात्रा लगभग 25 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और सोमवार की सुबह सोमनाथ धाम में भगवान शिव को जल चढ़ाएगी। यात्रा के दौरान रास्ते भर विशेष झांकियों और भजन-कीर्तन ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। विधायक अनुज शर्मा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने फूल बरसाकर उनका और सभी कांवड़ियों का अभिनंदन किया, जिसने इस यात्रा को और भी यादगार बना दिया। यह यात्रा सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे भक्ति और समुदाय की भावना लोगों को एक सूत्र में पिरो सकती है।

### इनकी भी रही उपस्थिति

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संदीप यदु, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला धिलेन्द्र सेन, जनपद उपाध्यक्ष श्री दिनेश खूंटे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री गोविंद साहू, पार्षद योगेश साहू,मोहन प्रजापति,पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, खरोरा मण्डल पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, शेखर वर्मा,कौशल साहू, श्रीमती किरण साहू,पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा, मो युनुष, भूपेंद्र कसार, चुम्मन सिंह चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

### श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा, /"छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम है। कांवड़ यात्रा जैसे आयोजन न केवल हमारी परंपरा को सहेजते हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सावन महीने में यह कांवड़ यात्रा शिव भक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।

### कांवर यात्रा आस्था और संकल्प का संगम बना

इस वर्ष की कांवर यात्रा एक नया अध्याय लिख रही है। जहाँ एक तरफ़ भीषण धूप ,गर्मी और पसीने से तर-बतर कर देने वाली उमस है, वहीं दूसरी तरफ़ आस्था की अविरल धारा बह रही है, जो हर कठिनाई को पार कर रही है। धरसींवा से सोमनाथ की कांवर यात्रा का मार्ग आस्था और संकल्प का संगम बन गया है। नंगे पैर, 25 किलोमीटर की दूरी तय करते कांवरियों के चेहरों पर न तो थकान है और न ही कोई शिकन। उनकी आँखों में बस

### श्री महाकाल की पालकी यात्रा में जनसैलाब उमड़ा

**अभनपुर।** श्री महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में नगर मे श्री महाकाल पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक रंग और जनसैलाब से सजी इस यात्रा ने नगर को महाकाल भक्ति में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शीतला मंदिर अभनपुर बस्ती में रुद्राभिषेक के साथ हुई। इसके उपरांत शाम को श्री महाकाल की पालकी का नगर भ्रमण प्रारंभ हुआ, जो बस स्टैंड होते हुए बड़े उरला स्थित शिव मंदिर पहुंचकर महाआरती के साथ संपन्न हुआ। यात्रा में भक्ति और उत्सव का अद्भुत समागम देखने को मिला। नटराज धुमाल दुर्ग, विकास डीजे, नीलू म्यूजिक, जय महामाया झांकी ग्रुप (नागपुर, महाराष्ट्र) एवं विशेष डमरू वादकों की टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मार्ग में प्रसादी वितरण,भव्य लाइटिंग, आतिशबाजी ने माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू एवं नगर के जनप्रतिनिधि,सामाजिक पदाधिकारी यात्रा में शामिल होकर महाकाल का आशीर्वाद लिया। नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार पालकी यात्रा में सम्मिलित हुए। श्री महाकाल सेवा समिति ने आयोजन को सफल बनाने के लिए कई दिनों से तैयारियां की थीं।

### कांवड़ यात्रियों का स्वागत



तरपोंगी। धरसीवा विधायक अनुज शर्मा ने चरौदा के शिव मंदिर से जल लेकर सोमनाथ मंदिर तक हजारो की संख्या में कावड़ यात्रा निकाली गई रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। इसी कड़ी में बलौदा बाजार विधानसभा के ग्राम खैरखूंट पहुंचते ही क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने अपने साथियों के साथ विधायक अनुज शर्मा सहित कांवरियों का भव्य स्वागत किया। स्थानीय सरपंच यशोदा साहू व पंचों द्वारा स्टाल लगाकर कांवरियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

### आचार्य प्रफुल्लचंद्र की जयंती पर संशिम में हुईं विविध प्रतियोगिताएं



**तिल्दा नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा (सासाहोली) में आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय जी की जयंती के सुअवसर पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती रानी जैन, विशिष्ट अतिथि भाजाप उपाध्यक्ष सौरभ जैन, दिलीप शर्मा , स्वप्निल श्रीवास्तव, प्राचार्य श्रवण कुमार साहू एवं विज्ञान प्रभारी दीदी श्रीमती ललिता निर्मलकर के द्वारा माँ सरस्वती,ओम एवं माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात कक्षा अरुण से कक्षा द्वादश के भैय्या-बहनों के द्वारा भाषण,निबंध,माडल,चार्ट,रंगोली,प्रयोग आदि का प्रदर्शन किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं अपने जन्मदिन की खुशी आप लोगों के साथ साझा करने एवं विज्ञान मेला देखने आई हूँ।मुझे विज्ञान मेला में बुलाकर सम्मानित करने पर विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री सौरभ जैन जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान के प्रतिनिधि बच्चों की रूचि देखकर बहुत अच्छा लगा।यहाँ के बच्चे विज्ञान के क्षेत्र में विद्यालय का नाम जरुर रोशन करेंगे।पूर्व व्यवस्थापक श्री दिलीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में विज्ञान मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है इसकी मुझे बड़ी प्रसन्नता है।विज्ञान प्रभारी श्रीमती ललिता निर्मलकर जी ने अपने उद्बोधन में विज्ञान का महत्व बताते हुए अतिथियों, भैय्या-बहनों एवं आचार्य-दीदियों को आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय जी की जयंती की शुभकामनाएँ दी।अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री श्रवण कुमार साहू ने जीवन में विज्ञान का क्या महत्व है बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थिक सभी अतिथियों,अभिभावकों,आचार्य-दीदियों एवं भैय्या-बहनों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर श्रीमती रानी जैन जी ने अपने जन्मदिन की खुशी साझा करते हुए विद्यालय के सभी भैय्या-बहनों एवं आचार्य-दीदियों को पेन,चॉकलेट एवं बिस्कुट प्रदान किए।कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

## संत तुलसीदास जयंती पर किया मानस पाठ



**आरंग।** मां कौशल्या जिला मानस संघ से संबंध राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग के तत्वाधान में रविवार को देव नगर ग्राम देवरी में श्री राम चरित्र मानस के सर्जक संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास 528 वां जयंती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। संत तुलसीदास जी की फोटो एवं भगवान राम के चित्रों पर पूजा पाठ मंत्रोच्चार फूलमाला चंदन बंधन गांव के सरपंच चेतन टेकचंद साहू गणमान्य नागरिक शक्ति केंद्र आरंग के पदाधिकारीगणों के हाथों दीप प्रज्वलित कर रामबाण मानस मंडली भलेरा के द्वारा मंगलचरणम राम स्तुति हनुमान चालीसा से प्रारंभ किया गया। तुलसीदास जयंती के शुभ अवसर पर आरंग क्षेत्र के मानस वक्ता के द्वारा श्री रामचरित्र मानस जैसा पावन ग्रंथ रचकर विश्व को उपहार देने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विनोद गुप्ता, छात्रधर दीवान, नरेंद्र द्विवेदी, सूर्यकांत तिवारी, राम प्रसाद दुबे ने रामायण के विभिन्न पावन प्रसंग पर व्याख्या प्रस्तुत कर जनमानस को भावविभोर किया। मंच का संचालन अशोक साहू ने किया। शक्ति केंद्र आरंग के पदाधिकारी सीताराम यादव, भुवन साहू, मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, ओंकार विश्वकर्मा, पुरानीक हिरवानी, बाहरू सिन्हा, मनहरण साहू, टोकेश साहू, तीरथ साहू, विजय साहू, जिला मानस संघ से अध्यक्ष नारायण साहू, संरक्षक रेखराम साहू, कोषाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव पोयमशरण साहू, नीलकंठ साहू, भरत साहू, फूलसिंह साहू, खेद राम साहू, महेंद्र साहू आदि सदस्यगण उपस्थित हुए।


सांस्कृतिक स्रोत संस्थान नई दिल्ली के वनगमन पथ में मंदिर है शामिल

## नूनियाडीह के प्रचीन शिव मंदिर में श्रीराम ने वनवास काल में की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सर्व विदित है कि भगवान श्रीराम का छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। वनवास काल में दस से बारह वर्ष उन्होंने छत्तीसगढ़ में ही व्यतीत किए थे। तब यह क्षेत्र दक्षिण कोसल कहलाता था। आरंग क्षेत्र जिसे भगवान श्रीराम का ननिहाल होने का गौरव प्राप्त है। पूरे विश्व में माता कौशल्या और भगवान श्रीराम का एक मात्र मंदिर होने का गौरव आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी को ही प्राप्त है। आरंग विधानसभा क्षेत्र में दो स्थान ऐसे हैं जिसे सांस्कृतिक स्रोत संस्थान नई दिल्ली द्वारा वन वन गमन पथ के रूप में चिन्हित किया गया है। जिसमें ग्राम गुल्लू के राममंदिर और आरंग के सिद्ध शक्तिपीठ बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर को श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास नईदिल्ली के अनुसार भारत में 249 स्थानों को श्रीराम वन गमन पथ के रूप में चिन्हित किया गया है।

### दुर्लभ शिवलिंग खुले चबूतरे पर स्थापित था



आरंग विधान सभा क्षेत्र के ग्राम गुल्लू में स्थित श्रीराम मंदिर जिसे 113 वां पड़ाव तथा आरंग के सिद्ध शक्तिपीठ बाबा बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर को 114 वां पड़ाव दर्शाया गया है। ग्राम गुल्लू के नूनियाडिह महादेव मंदिर ग्राम से करीब तीन किलोमीटर दूर पूर्व दिशा में ठीक महानदी के तट पर स्थित है। ग्रामीण बताते हैं पहले यह दुर्लभ शिवलिंग खुले चबूतरा में स्थापित था। जहां बाद में ग्रामीणों ने छोटा सा मंदिर बनाकर जीर्णोद्धार कराया है।

## पेज 09 के शेष ...

### फूलों से सजी...

यात्रियों ने दुर्ग और डोंगरगढ़ तक यात्रा का आनंद लिया। रेलवे की ओर से ट्रेन की नियमित बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। यह ट्रेन अब 4 अगस्त से प्रतिदिन नियमित रूप से चलेगी। उद्घाटन के दिन ट्रेन लगभग 110 किमी/घंटा की रफ्तार से चली, जिससे यात्री काफी प्रभावित नजर आए। कई यात्रियों ने ट्रेन की सराहना करते हुए इसका अवलोकन किया और यादगार तस्वीरें भी खिंचवाईं। स्टेशनों पर ट्रेन का स्वागत भी पारंपरिक अंदाज़ में फूलों से किया गया। सभी वर्गों में इस नई सुविधा को लेकर खासा उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

***अन्य राज्यों में भी शुरू हुई नई रेल सेवाएं :*** इस अवसर पर रीवा-पुणे (हड़पसर) एक्सप्रेस और भावनगर टर्मिनस-अयोध्या एक्सप्रेस का भी उद्घाटन हुआ। रीवा से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भावनगर से गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

***नियमित यात्रियों को समय और किराए दोनों में राहत :*** रायपुर से जबलपुर और बेलाघाट की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को का सफर न केवल कम समय में तय होगा, बल्कि अंमरकंटक एक्सप्रेस की तुलना में किराया भी काफी कम लगेगा। इंटरसिटी एक्सप्रेस में सेकेंड सीटिंग कोच का किराया मात्र 160 रुपये है, जबकि एसी चेयर कार के लिए यात्रियों को 570 रुपये चुकाने होंगे। वहीं, अंमरकंटक एक्सप्रेस में स्लीपर कोच का किराया 350 रुपये है। ऐसे में इंटरसिटी एक्सप्रेस विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए लाभकारी साबित हो रही है, जो नियमित रूप से इस रूट पर सफर करते हैं।यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से इंटरसिटी में सेकेंड सीटिंग कोच की संख्या भी अधिक रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग कम किराए में यात्रा कर सकें। इसके चलते यह ट्रेन अब यात्रियों की पहली पसंद बनती जा रही है।

### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के...

भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों के उन्नयन के लिए 1680 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इन स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। नई रेल सेवा मिलने से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आस्था और पर्यटन के प्रमुख केंद्र जैसे मां बमलेश्वरी की भूमि डोंगरगढ़ और भेड़ाघाट सीधे इन बड़े शहरों से जुड़ पाएंगे।

### क्षेत्रीय व्यापार व पर्यटन...

विधायक पुरंदर मिश्रा, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश, डीआरएम रायपुर दयानंद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### संतोषीनगर में मनाई गोस्वामी तुलसीदास जयंती

**रायपुर।** श्रीराम मानस मंडली एवं प्रज्ञा महिला रामायण मंडली द्वारा संतोषीनगर स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। साथ ही गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में हरिराम साहू, आरके साहू, दीनानाथ साहू, एचएल साहू, ईश्वर साहू, जानकी निषाद सहित गायत्री प्रज्ञापीठ परिवार और श्रद्धालु उपस्थित थे।

### गाली-गलौज से रोकने पर युवक की पिटाई

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक मोबाइल रिपेयरिंग दुकान संचालित करने वाले युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंगोराभाठा में मोबाइल रिपेयर शॉप संचालित करने वाला अखिल सूर्यवंशी ने विमल निषाद तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अखिल ने पुलिस को बताया कि विमल तथा उसका साथी उसकी दुकान में नशे की हालत में पहुंचे और अखिल के साथ गाली-गलौज करने लगे। अखिल ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया तो बदमाशों ने अपने पास रखे बेसबाल से अखिल की पिटाई की।

### निगम का सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान जारी



**रायपुर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जुलाई माह में नगर निगम रायपुर सभी वार्डो में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चला रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को जोन 3 अंतर्गत गुरू गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 29 में काली नगर, गौरा नगर बस्ती के किनारे नाले के समीप स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों, जोन 3 स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलो की सफाई करवाकर कचरा उठवाकर स्वच्छता अभियान चलाया।

### पेयजल आपूर्ति की समीक्षा

**रायपुर।** नगर निगम जल कार्य विभाग के अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने विगत दिनों जोन 2, 4, 5 एवं 6 जल विभाग के सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं सहित लाईनमेन कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति सहित अन्य कार्यों की समीक्षा। बैठक में जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेन्द्र सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान अध्यक्ष ने बार-बार खराब हो रहे वाल्व और पाइप लाइन खराबी को शीघ्र सुधार कराने की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

### होरा बने महामंत्री



**रायपुर।** कामगार कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज ने कांग्रेस नेता सनी सिंह होरा को छग केकेसी कांग्रेस प्रभारी महामंत्री के पद नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं ने हर्ष जताया है।

## निधन

### विपेंद्र नाथ वर्मा



**रायपुर।** रोहिणीपुरम निवासी विपेंद्र नाथ वर्मा का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 अगस्त को सुबह 9 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विजयंत वर्मा, निक्की, पिंकी व रिंकू के पिता, रिम्पा वर्मा के ससुर, परी तथा प्रिंसी के दादा थे।

# अश्वनी नगर, लाखेनगर, सुंदर नगर, डगनिया में दो टाइम जल आपूर्ति ठप, पब्लिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जोन 5 के ठाकुर प्यारेलाल वार्ड स्थित डगनिया पानी टंकी के सप्लाई इलाके में शेड के पास जल आपूर्ति के समय एयर रिलीव के दौरान पाइप ब्लास्ट होने से अश्वनीनगर, लाखेनगर, सुंदरनगर, हनुमान नगर, डगनिया, शांतिविहार कालोनी, रोहणीपुरम, दौलत एस्टेट, शहनाई गार्डन क्षेत्र, साहूपारा, कृष्णसखा सोसाइटी, मुकुट नगर, खदान बस्ती और शिक्षक कालोनी क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित रही। बिना सूचना के जल आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान रहे। वहीं वार्ड प्रतिनिधि से जब लोगों ने पानी आपूर्ति को लेकर सवाल किये, तो जवाब मिला टंकी भर रही है, शाम तक आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इससे पहले लोगों से कहा गया कि सुबह 11:30 बजे पानी आएगा। इस बात को लेकर जनता में वार्ड पार्षद से लेकर निगम के अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली को लेकर जबरदस्त रोष देखा गया। शनिवार और रविवार को लोग पीने के पानी के लिए भटकते नजर आये।

■ डगनिया पानी टंकी से एयर रिलीव के समय पाइप ब्लास्ट, रात में फिल्टर प्लांट से लाकर पाइप बदला

डगनिया पानी टंकी के वाल्व फटने और पाइप ब्लास्ट होने से दर्जनभर से ज्यादा रहवासी इलाकों में लोगों के घरों में शनिवार और रविवार को जल आपूर्ति ठप रही। इससे हजारों लोग परेशान रहे, लोगों ने अपनी परेशानी वार्ड पार्षद द्वारा बनाये गये सोशल ग्रुप में भी खूब शेयर की, पर उनकी समस्या सुनने वाले वार्ड पार्षद कांवर यात्रा के कार्यक्रम व्यस्त रहे। जनता की परेशानी सुनने जन प्रतिनिधि मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में वार्ड प्रतिनिधि ग्रुप में गोलमोल जवाब देते नजर आये। यह स्थिति ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, सुंदर नगर वार्ड और दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के प्रभावित इलाकों में देखने को मिली।

## मरम्मत के बाद वार्ड प्रतिनिधि दे रहे गोलमोल जवाब

### टंकी का पानी कराया खाली

विदित हो, जल विभाग के अधिकारियों ने पाइप मरम्मत से पहले डगनिया पानी टंकी को खाली कराकर बड़ी मात्रा में पीने का शुद्ध पानी सड़क पर बहाया। इससे डगनिया टर्निंग पाइंट वाली सड़क पर लबालब पानी भर गया। बिना बारिश हुये डगनिया मार्ग की सड़क पर घुटना भर पानी भरा हुआ देख लोग चकित रहे। बाद में उन्हें पता चला कि डगनिया पानी टंकी का पानी खाली कराया जा रहा है, इस वजह से सड़क पर पानी भरने की नौबत आई। रविवार सुबह डगनिया पानी टंकी से कनेक्ट एरिया में लोगों तक पीने का पानी नहीं पहुंचा, जबकि जल विभाग के अधिकारी दावा करते रहे कि पानी टंकी को दोबारा भरने के बाद 11 बजे संबंधित इलाकों में जल आपूर्ति की व्यवस्था कायम की।



**पाइप ब्लास्ट से जल आपूर्ति बाधित**

डगनिया पानी टंकी में शुक्रवार शाम जल आपूर्ति के समय वाल्व कालर खराब होने और एयर रिलीव वाला पाइप ब्लास्ट होने से 2 दिनों तक जल आपूर्ति बाधित रही। रात्रि के समय पुराने ब्लास्ट हुई पाइप को काटकर फिल्टर प्लांट से नया पाइप मंगाकर बदला गया। सोमवार सुबह तक जल आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

*- नरसिंग फरेन्द्र, कार्यपालन अभियंता, जल विभाग, नगर निगम रायपुर*

# खूंखार कुत्तों के खौफ से राहत नहीं, ढाई साल में शुरू नहीं हो पाया निगम का पहला डॉग शेल्टर होम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहरवासियों को खूंखार कुत्तों के खौफ से राहत नहीं मिल पायी है। सोनडोंगरी में नगर निगम का पहला डॉग शेल्टर होम ढाई साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया। 48 लाख खर्च कर डॉग शेल्टर होम का निर्माण कराया गया, लेकिन न वहां वेटनरी डॉक्टर की व्यवस्था हो पाई, न ही एक्सरे मशीन पहुंची। डॉग शेल्टर होम का संचालन पीपीपी मोड पर करने एजेंसी तय कर 6 माह पहले एग्रीमेंट किया गया, पर आधी-अधूरी तैयारी के कारण अनुबंधित एजेंसी अपना काम शुरू नहीं कर पायी है। सूत्रों के मुताबिक एक साल की मशक्कत के बाद अनुबंधित एजेंसी ने बिजली का ट्रांसफार्मर लगवाया, पर एंट्री पाइंट पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं हो पायी है। डॉग शेल्टर होम कब तक शुरू होगा, यह बात निगम के जिम्मेदार अधिकारी नहीं बता पा रहे।

■ सोनडोंगरी में निगम की आधी अधूरी तैयारी ने बढ़ाई आम आदमी की चिंता

शहर में आवारा कुत्तों के झुंड ने जहां आदमी की चिंता बढ़ा दी है, वहीं निगम प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर होम शुरू नहीं हो पाया है। इससे राहगीर, दोपहिया, तिपहिया चालक, ठेला गुमटी वाले सहित शहर का आम आदमी सुरक्षित नहीं है। हालात ये हैं हर पल लोगों को इस बात की चिंता सताये रहती है कि पता नहीं कब और किस मोड़ पर वे खूंखार कुत्ते के शिकार हो जायें।

## न डॉक्टर आए न एक्सरे मशीन पहुंची

### इन स्थानों पर आवारा कुत्तों का खतरा

पुरानी बस्ती, शीतला मंदिर चौक, आजाद चौक, मंगल बाजार, आमापारा बाजार, टिकरापारा सिद्धार्थ चौक, संजय नगर, कुशालपुर, भाठागांव, मठपारा, लाखे नगर, डगनिया मोड़, तरुण नगर, गोलबाजार, शास्त्री बाजार फाफाडीह, खमतराई, भनपुरी, गोंदवारा सहित शहर के अन्य इलाकों में भी कुत्तों के झुंड से शहरवासी सुरक्षित त्रस्त हैं।



### सोनडोंगरी में 77 कुत्तों की देखभाल की हो रही व्यवस्था

नगर निगम द्वारा सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर में 77 कुत्तों की देखभाल एक साथ होगी, जहां 10 पालतू कुत्तों की देखरेख डे केयर में की जाएगी, वहीं बीमार व घायल 67 कुत्तों के उपचार, भोजन और देखभाल तथा सर्जरी की व्यवस्था बनाई जा रही है। डॉग लवर संस्था को यह जिम्मा दिया गया है। अनुबंध के हिसाब से यह संस्था 5 साल तक इसका संचालन करेगी। डॉग शेल्टर होम में वेटनरी डॉक्टरों के लिए अलग से चैंबर, श्वान के लिए वेटिंग हॉल, आपरेशन थियेटर और उपकरण रखने का कक्ष बनाया गया है। अनुबंधित संस्था कुत्ते की देखभाल, भोजन की जिम्मेदारी संभालेगी, जबकि कुत्तों के डॉक्टरी उपचार और वैक्सीनेशन का खर्च नगर निगम उठायेगा। डे केयर में पालतू कुत्ते छोड़कर जाने वालों से मिलने वाला शुल्क अनुबंधित संस्था को मिलेगा। इससे वह कुत्तों के भोजन सहित अन्य तरह के खर्च वहन कर सकेगी।

### सांई नगर में डॉग बाइट से बच्ची की हुई थी मौत

16 जनवरी को राजधानी के सांई नगर बस्ती की एक बच्ची की कुत्तों के काटने से जान गई थी। कुत्तों के झुंड ने 12 वर्षीय बच्ची को जगह-जगह नोच दिया था। घायल बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल लेजाया गया, पर उपचार के दौरान उसकी जान चली गयी। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदारों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा।

### कुत्ता पकड़ने शहर में मात्र एक डागकेचर

चौंकाने वाली बात ये है, शहर में आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर उनकी सर्जरी के लिए ले जाने नगर निगम के पास सिर्फ एक डाग केचर वाहन उपलब्ध है, जिसके माध्यम से निगम का स्वास्थ्य अमला निदान 1100 में प्राप्त होने वाली शिकायत के आधार पर ही कुत्तों को पकड़ने का इंतजाम करता है। नगर निगम के 70 वार्ड और शहर के विस्तार के हिसाब से निगम प्रशासन की यह व्यवस्था नाकाफी है।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए अंगदान का महत्व बताने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अंगदान को लेकर छत्तीसगढ़ में जागी 'नयी चेतना', रायपुर में राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण ने नुक्कड़ नाटक के जरिए जन-जागरूकता का संदेश दिया। राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर इंडोर स्टेडियम में आयोजित भावनात्मक नाटक के माध्यम से फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया।

■ राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर इंडोर स्टेडियम में आयोजन

राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में जिला प्रशासन और राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) संयुक्त प्रयास से अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर 'प्रोजेक्ट छांव' के अंतर्गत 'प्रोजेक्ट दधीचि' के समर्थन में इंडोर स्टेडियम में नयी चेतना नामक एक भावनात्मक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक में चिकित्सा विद्यार्थियों ने अंगदान और ऊतक दान के विभिन्न पहलुओं को नाटकीय शैली में प्रस्तुत किया। नाटक में दान की प्रक्रिया, समाज में इसके महत्व और नैतिक जिम्मेदारियों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ में अंगदान को लेकर जागरूकता की दर कम रही है, लेकिन अब राज्य प्रशासन और सोटो के संयुक्त प्रयासों से यह स्थिति बदल रही है।

### लोगों ने अंगदान करने की ली शपथ

आंकड़ों के अनुसार, अब तक 2785 लोगों ने अंगदान की शपथ ली है, जबकि पिछले तीन वर्षों में कुल 11 मृतकों से सफल अंगदान हो चुका है। कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कार्यक्रम में भाग ले रहे छात्रों का गुलाब का फूल भेंट कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आम जनता से भी अंगदान जैसे महान कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की और कहा कि यह न केवल किसी ज़रूरतमंद को जीवन देता है, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करता है।

# आईजीकेवी प्रबंधन पर जबरिया सेवानिवृत्त करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। गैर शैक्षणिक स्टाफ के कर्मचारियों ने विश्व विद्यालय प्रबंधन पर 65 की जगह 62 वर्ष में जबरन सेवानिवृत्त करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रबंधन से संपर्क करने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति का कार्यकाल 62 वर्ष है।

■ गैर शैक्षणिक स्टाफ के कर्मचारियों को 65 की जगह 62 में सेवानिवृत्त करने का आरोप

गैर शैक्षणिक स्टाफ के अनुसार विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल ने शिक्षक कैडर के समतुल्य माने जाने वाले गैर शैक्षिक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु भी 65 साल तय की है। इसके बाद भी विश्वविद्यालय प्रबंधन नियमों को ताक पर रखकर फैसले कर रहा है। कर्मचारियों को तीन साल पहले ही रिटायर किया जा रहा है। गैर शैक्षणिक स्टाफ के अनुसार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की शैक्षिक परिषद (एकैडमिक काउंसिल) ने अपनी 88वीं बैठक में निर्णय लिया था कि स्पोर्ट्स टीचर और लाइब्रेरियन जैसे गैर शैक्षिक पदों को टीचिंग कैडर के समतुल्य माना जाएगा। इनकी सेवा शर्तें विश्वविद्यालय परिनियम-2009 के सेक्शन 9 (4) के अधीन होंगी और इनकी अधिवार्षिकी आयु भी 65 साल मानी जाएगी। टीचिंग कैडर स्टाफ की तरह इन्हें भी 65 साल में ही रिटायर किया जाएगा।



# वनस्पति घी और दूध पावडर से पनीर बनाने का धंधा जोरों पर

## दो प्रकरण कोर्ट में लंबित, तीसरे की सैंपल रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वनस्पति घी और दूध पावडर के उपयोग से पनीर बनाने का धंधा राजधानी समेत प्रदेशभर में जमकर चल रहा है। नकली पनीर के दो प्रकरण पहले ही न्यायालय में पेंडिंग हैं और लंबे इंतजार के बाद जांच रिपोर्ट आने पर इस मामले का चालान पेश किया जाएगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम पिछले दिनों भाठागांव की फैक्ट्री में जांच के दौरान सैंपल लेने के बाद विभागीय जांच के विशेष अभियान में व्यस्त हो गई है।

■ बुधवार रात भाठागांव में कार्रवाई के बाद जांच टीम विशेष अभियान में व्यस्त

सूत्रों के अनुसार भारतीय दंड विधान संहिता के बीएनएस में तब्दील होने के बाद खाद्य पदार्थों के अमानक मिलने पर सजा के प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। इन मामलों में अब गंभीरता के आधार पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। राज्य में नकली पनीर का कारोबार काफी समय से चल रहा है। दूध के उपयोग से इसका निर्माण काफी महंगा होने की वजह से कारोबारी वनस्पति घी और दूध पावडर के उपयोग से पनीर बनाकर उसे अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इस मामले में कार्रवाई कर रही है, मगर आर्थिक दंड की वजह से मिलावटखोरों पर इसका असर नहीं हो रहा है। एफडीए की टीम ने इसके पूर्व दिसंबर मे बिरगांव और निमोरा की फैक्ट्री में छापा मारकर नकली पनीर बनाने के मामले का भंडाफोड़ किया था। दोनों मामलों में सैंपल अमानक आने के बाद प्रकरण न्यायालय में पेश किया जा चुका है। इधर विभागीय टीम ने चार दिन पहले भाठागांव में भी कुछ इसी तरह का मामला पकड़ा है। फिलहाल वहां निर्माण पर कुछ दिन की रोक लगाई गई और सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। सैंपलिंग की कार्रवाई के बीच विभागीय अमला तीन दिन चलाए जाने वाले विशेष जांच अभियान में व्यस्त हो गया, इसलिए मामले की जांच अटकी हुई है। दावा किया जा रहा है कि सैंपल की रिपोर्ट अमानक आएगी, क्योंकि पनीर बनाने के लिए तय मानकों का पालन नहीं किया गया था। रिपोर्ट मिलने के बाद प्रकरण न्यायालय में पेश किया जाएगा।



### निगरानी पर ध्यान नहीं

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम सैंपलिंग का काम बड़े जोर-शोर से करती है, मगर संबंधित संस्थानों में होने वाली गड़बड़ी रोकने पुनः निगरानी की जरूरत नहीं समझती। भाठागांव में जिस संस्थान में छापा मारा गया, वहां सात माह पहले भी नकली पनीर पकड़ा गया था। पनीर को नष्ट कराया गया, मगर करोबारी पर किसी तरह का बड़ा एक्शन नहीं लिया गया, जिससे उसके हौसले बुलंद होते रहे। जांच पूरी होने के बाद संबंधित फैक्ट्री में पुनः निर्माण कार्य शुरू होगा, क्योंकि ऐसे प्रकरणों में लायसेंस निरस्त करने का प्रावधान भी नहीं है।

### बने खाबो-बने रहिबो अभियान आज से

शासन के निर्देशानुसार 4 अगस्त से 6 अगस्त तक 'बने खाबो-बने रहिबो' तीन दिवसीय विशेष अभियान छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में संचालित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य है खाद्य प्रदायकों को एफएसएसएआई के दिशा-निर्देशों से अवगत कराना, आमजनों को स्वच्छ व सुरक्षित भोजन के प्रति जागरूक करना और उनकी खानपान की आदतों को स्वास्थ्य अनुकूल बनाना। तीन दिवसीय इस अभियान के दौरान राज्य के सभी जिलों एवं ब्लॉक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया जाएगा।

## पेज 09 के शेष ...

### फूलों से सजी...

यात्रियों ने दुर्ग और डोंगरगढ़ तक यात्रा का आनंद लिया। रेलवे की ओर से ट्रेन की नियमित बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। यह ट्रेन अब 4 अगस्त से प्रतिदिन नियमित रूप से चलेगी। उद्घाटन के दिन ट्रेन लगभग 110 किमी/घंटा की रफ्तार से चली, जिससे यात्री काफी प्रभावित नजर आए। कई यात्रियों ने ट्रेन की सराहना करते हुए इसका अवलोकन किया और यादगार तस्वीरें भी खिंचवाईं। स्टेशनों पर ट्रेन का स्वागत भी पारंपरिक अंदाज़ में फूलों से किया गया। सभी वर्गों में इस नई सुविधा को लेकर खासा उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

***अन्य राज्यों में भी शुरू हुई नई रेल सेवाएं :*** इस अवसर पर रीवा-पुणे (हड़पसर) एक्सप्रेस और भावनगर टर्मिनस-अयोध्या एक्सप्रेस का भी उद्घाटन हुआ। रीवा से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भावनगर से गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

***नियमित यात्रियों को समय और किराए दोनों में राहत :*** रायपुर से जबलपुर और बेलाघाट की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को का सफर न केवल कम समय में तय होगा, बल्कि अंमरकंटक एक्सप्रेस की तुलना में किराया भी काफी कम लगेगा। इंटरसिटी एक्सप्रेस में सेकेंड सीटिंग कोच का किराया मात्र 160 रुपये है, जबकि एसी चेयर कार के लिए यात्रियों को 570 रुपये चुकाने होंगे। वहीं, अंमरकंटक एक्सप्रेस में स्लीपर कोच का किराया 350 रुपये है। ऐसे में इंटरसिटी एक्सप्रेस विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए लाभकारी साबित हो रही है, जो नियमित रूप से इस रूट पर सफर करते हैं।यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से इंटरसिटी में सेकेंड सीटिंग कोच की संख्या भी अधिक रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग कम किराए में यात्रा कर सकें। इसके चलते यह ट्रेन अब यात्रियों की पहली पसंद बनती जा रही है।

### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के...

भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों के उन्नयन के लिए 1680 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इन स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। नई रेल सेवा मिलने से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आस्था और पर्यटन के प्रमुख केंद्र जैसे मां बमलेश्वरी की भूमि डोंगरगढ़ और भेड़ाघाट सीधे इन बड़े शहरों से जुड़ पाएंगे।

### क्षेत्रीय व्यापार व पर्यटन...

विधायक पुरंदर मिश्रा, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश, डीआरएम रायपुर दयानंद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अस्पताल की सुंदरता के आड़े आ रहा एल-2 ट्रामा का प्रस्तावित भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय आंबेडकर अस्पताल की सुंदरता के आड़े आने की वजह से प्रस्तावित एल-2 ट्रामा का निर्माण पुरानी जगह पर कैंसिल कर दिया गया है। ट्रामा के साथ 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने इस पांचमंजिला भवन की वजह से अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग छोटी पड़ जाएगी। इसके अलावा नए निर्माण के लिए पुरानी जगह पर काफी तोड़फोड़ की जरूरत होगी।

इसे ध्यान में रखते हुए पांच साल पुरानी योजना के लिए अस्पताल परिसर में नई जगह की तलाश की जा रही है। आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी बढ़ रही है, ओपीडी के साथ यहां बड़ी संख्या में गंभीर स्थिति वाले मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। गंभीर मरीजों की ज्यादा संख्या की वजह से यहां एल-2 ट्रामा के साथ क्रिटिकल केयर यूनिट के विस्तार की योजना बनाई गई है, मगर इस योजना को पूरा करने के लिए अब तक उपयुक्त स्थल नहीं मिल पाया है। पिछली बार अस्पताल के आंबेडकर प्रतिमा वाली इमरजेंसी गेट के समीप बनाने ओके हुआ था, मगर इसकी ड्राइंग-डिजाइन देखकर माना गया कि यह अस्पताल भवन की सुंदरता को प्रभावित करेगा। प्रस्तावित भवन पांचमंजिला होगा और पुरानी बिल्डिंग तीन मंजिल की है, जिससे वह छोटी नजर आएगी। इसके अलावा नया भवन बनाने के लिए पुराने भवन में भी काफी तोड़फोड़ करनी पड़ेगी। इन सब कारणों से इसके पुराने प्रस्तावित भवन की जगह कैंसिल कर नई जगह की तलाश की जा रही है।

### पुरानी जगह करनी होगी ज्यादा तोड़फोड़, पुरानी बिल्डिंग से बड़ा बनेगा भवन

**एकीकृत भवन का काम भी प्रक्रियाधीन**

अस्पताल के विस्तार के लिए यहां 700 बेड का एकीकृत भवन बनाने का काम भी प्रक्रियाधीन है। इसका निर्माण सीजीएमएससी द्वारा तय की जाने वाली एजेंसी करेगी। भवन बनाने के लिए पुराने हॉस्टल के भवन को चिन्हित किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि भवन का निर्माण शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। इस भवन का निर्माण पूरा होने के बाद उन विभागों के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें अभी इलाज के लिए अपना बेड शेयर करना पड़ता है। इस भवन में भविष्य की जरूरतों के हिसाब से सारी सुविधा जुटाई जाएगी।



**जगह फायनल नहीं**

एल-2 ट्रामा के साथ गंभीर मरीजों के और अधिक बेहतर उपचार के लिए क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया जाना है। नए भवन निर्माण के लिए कुछ स्थानों का अवलोकन किया गया है, मगर जगह फायनल नहीं हुआ है।
- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

- नई जगह की तलाश में जुटा प्रबंधन
- एल-2 ट्रामा के साथ 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण भी

### पुराने ब्लड बैंक के समीप बनाने पर विचार

पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों ने इस योजना को पूरा करने के लिए ब्लड बैंक के समीप रिक्त स्थल का निरीक्षण किया था। वर्तमान में सामने वाले हिस्से का उपयोग वाहनों की पार्किंग के लिए किया जाता है। इसके अलावा एक-दो और स्थानों को इमरजेंसी में आने वाले मरीज के लिए सुगम उपलब्धता को ध्यान में रखकर चिन्हित किया गया है। क्रिटिकल केयर से जुड़े विशेषज्ञ और पीडब्ल्यूडी के अफसर आवश्यकता के अनुसार दोनों भवन बनाने के लिए सटीक स्थल पर मंथन कर रहे हैं।

---

**हरिभूमि के पास हिमालयन भालू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का खुलासा**

### जबरिया सफर से स्ट्रेस में आया था हिमालयन भालू

# नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से जंगल सफारी लाने के दौरान हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छह माह पूर्व एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से लाए जा रहे नर हिमालयन भालू की मौत की पोस्टमार्टन रिपोर्ट हरिभूमि को मिली है। भालू की मौत की वजह तनाव में आना था। भालू को जब जंगल सफारी रायपुर लाने गाड़ी में चढ़ाया गया, उसी समय वह तनाव में आ गया और जोर-जोर से चिल्लाने के साथ रोने लगा। इसके बाद भालू को एक दिन रेस्ट दिया गया। दूसरे दिन पुनः गाड़ी में चढ़ाया गया, तो वह पुनः रोने के साथ चिल्लाने लगा। बावजूद इसके भालू को जबरन रायपुर लाने की कोशिश की गई। तनाव के कारण भालू ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुई है। भालू का पोस्टमार्टम कानन पेंडारी जू में 20 फरवरी को किया गया था।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जंगल सफारी प्रबंधन सीजेडए की अनुमति से नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से पांच चीतल तथा दो काले हिरण के बदले दो हिमालयन भालू जंगल सफारी ला रहा था। भालू को लाने के दौरान पश्चिम बंगाल-झारखंड सीमा में भालू की तबीयत बिगड़ने लगी। भालू की बिगड़ती तबीयत को देख भालू लाने वाली टीम ने झारखंड स्थित बरही विश्राम गृह के पास गाड़ी रोक कर भालू को सामान्य करने की कोशिश की। इसके बाद भालू को आपाकतालीन चिकित्सा उपलब्ध कराने रांची स्थित बिरसा मुंडा प्राणी उद्यान लेकर गई।

### मौत पर इस तरह से लीपापोती करने की कोशिश

*भालू की मौत के बाद विभागीय अफसर तथा भालू परिवहन करने वाली टीम लीपापोती करने बहाने बनाने लगी। टीम ने दावा किया कि किसी ने जलपाईगुड़ी के पास भालू का वीडियो बनाकर वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल के पास भेज दिया। इसके चलते रास्ते में गाड़ी को रोक कर घंटों जांच की गई। तेज गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन होने की वजह से भालू की मौत होने का कारण बताया गया।*

**छह माह पूर्व भालू वाहन में चढ़ाने के दौरान आया था तनाव में, एक दिन रेस्ट देने के बाद दूसरे दिन जबरन लाया गया**



Time, date and Place of death : - 5:45 pm, 19/02/25, Near Hazaribagh, Jharkhand.

Time, and date of post mortem : - 03:00 pm, 20/02/2025 at Nandanvan zoo in safari Nawa Raipur.

Examination

Short history of illness, if any: - At the time of loading at Nagaland Zoological Park on 16/02/2025 at 7:00 PM, the animal exhibited severe stress and was allowed to rest overnight. The following afternoon at 1:00 PM, transportation resumed. However, near Barhi Rest House (J.H.), the animal showed signs of restlessness and open-mouth breathing. The journey was immediately halted, and emergency care and expert advice were administered. Despite efforts, the animal was shifted towards Birsa Munda Zoological Park, Ranchi, but unfortunately, it collapsed near Hazaribagh.

### तनाव में आने पर क्यों किया परिवहन

भालू एक ऐसा वन्यजीव है, जो अपनी जगह जल्दी से छोड़ना नहीं चाहता। भालू को जब गाड़ी में लादा गया, तो वह तनाव में आ गया। सामान्य करने एक दिन रेस्ट दिया गया। दूसरे दिन तनाव में आने के बाद भालू को जबरन क्यों लाया गया। इसे लेकर वन्यजीव के जानकार सवाल उठा रहे हैं। भालू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर जिम्मेदारों से बात करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने भालू की किसी तरह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक मिलने की बात से इनकार किया।

### हजारी बाग के पास भालू ने दम तोड़ा

भालू की मौत की जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है, उसके मुताबिक 16 फरवरी को शाम सात बजे गाड़ी में लादने के समय भालू गंभीर तनाव में आ गया। इसके बाद भालू को रातभर आराम करने दिया गया। दूसरे दिन दोपहर एक बजे भालू को रायपुर लाने पुनः गाड़ी में चढ़ाया गया। बरही विश्राम गृह के पास भालू को बेचैनी होने लगी और वह मुंह खोलकर सांस लेने लगा। इसके बाद यात्रा तुरंत रोक दी गई और आपातकालीन देखभाल और विशेषज्ञ सलाह दी गई। भालू के ठीक नहीं होने पर रांची के बिरसा मुंडा प्राणी उद्यान ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से वह हजारीबाग के पास गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। मृत्यु के कुछ घंटों बाद ही मृत शरीर में कठोरता आ गई, लेकिन पोस्टमार्टम के समय तक वह ढीला पड़ चुका था। उसका मुंह पूरी तरह खुला हुआ था और शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं दिखाई दे रहे थे।

---

# स्नैक बाइट के शिकार मरीजों का कैसे करें इलाज... मेडी गुरू ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सरकारी डाक्टरों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण

स्नैक बाइट का शिकार होने के बाद अस्पताल आने वाले मरीजों का इलाज कैसे करें और उसके लिए किस तरह की सावधानी बरती जाए, इस बारे में गुरुग्राम फोर्टिस हास्पिटल के विशेषज्ञों ने जिले के डाक्टरों को टिप्स दिए। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर प्रत्येक गुरुवार को देश के अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जा रहा है।

जिलाधीश डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश चौधरी ने इसकी व्यवस्था कराई है। प्रत्येक गुरुवार ज़िले में शासकीय अस्पतालों में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर का देश के अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न चिकित्सा विषयों पर ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जा रहा है। इस श्रृंखला में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के उन्नयन को ध्यान में रखकर कल सर्पदंश जैसी गंभीर स्थिति में उचित चिकित्सकीय प्रबंधन की बारीकी के बारे में जानकारी दी गई। जटिलताओं के नवीनतम निदान पर फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम के अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर कपिल चहल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सर्पदंश से उत्पन्न लक्षण जैसे छिद्रीत घाव, दर्द, सूजन, लालिमा, उल्टी, सांस लेने में तकलीफ आम होती है। ऐसी हालत में पीड़ित के प्रभावी अंग को स्थिर कर, सूजन बढ़ने के पहले ही तंग कपड़े एवं आभूषण उतार कर चिकित्सकीय उपचार किया जाए। इसका उचित इलाज- एंटी वैनम ही एकमात्र प्रबंधन है। किसी भी तरह का घरेलू उपाय या झाड़-फूंक में समय व्यर्थ करने के दुष्परिणाम जैसे गंभीर जटिलताएं, पक्षाघात एवं मृत्यु तक की आशंका होती है। सर्पदंश की घटनाओं को न्यूनतम करने में सामुदायिक भागीदारी, जागरूकता के साथ उचित चिकित्सकीय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

---

**सिविल सोसाइटी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

# मतांतरित लोगों को सामान्य वर्ग में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- धर्म त्यागकर भी ले रहे आरक्षण का लाभ

मतांतरण करने वालों को आरक्षण का लाभ नहीं देने और सामान्य वर्ग में शामिल करने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। तर्क दिया गया है कि बड़ी संख्या में लोग अपने पारंपरिक धर्म को त्यागकर मतांतरित कराए जा रहे हैं, किंतु इसके बावजूद वे अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के तहत मिलने वाले आरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ भी आजीवन उठाते रहते हैं।

छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में प्रदेश में लगातार बढ़ रहे जबरन एवं प्रलोभन देकर मतांतरण की घटनाओं के विरुद्ध गहरी चिंता व्यक्त है। मतांतरित व्यक्तियों द्वारा अपनी पहचान में कोई भी बदलाव शासन को सूचित नहीं किया जाता, जिससे वे दोहरी सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने संविधान के अनुच्छेद 342 में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जनजातीय समाज की परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक जीवनशैली को त्याग चुके हैं, उन्हें अनारक्षित वर्ग में शामिल किया जाना चाहिए। सोसायटी का यह भी मत है कि अनुसूचित जनजाति को आरक्षण उनकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली की रक्षा के लिए प्रदान किया गया था, किंतु जिन व्यक्तियों ने इन मूलभूत विशेषताओं को अस्वीकार कर दिया है, वे अब इस संवैधानिक सुविधा के वास्तविक लाभार्थियों से अधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। डॉ. सोलंकी ने कहा कि यह न केवल संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन है, बल्कि मूल जनजातीय समाज के साथ घोर सामाजिक अन्याय भी है। अतः समय की मांग है कि डी-लिस्टिंग की प्रक्रिया को विधिक रूप से सुनिश्चित किया जाए और जनजातीय समाज को ही उनके हक का पूर्ण लाभ प्रदान किया जाए।

# खोरपा भाजपा मंडल ने विधायक इंद्रकुमार से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल खोरपा के समस्त संगठन के नए पदाधिकारियों ने रविवार को विधायक इंद्रकुमार साहू से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इसी दौरान विधायक श्री साहू ने समस्त पदाधिकरियों को साफा पहनाकर एवं मीठा खिलाकर बधाई दी और एक साथ मिलकर कार्य करने का सुझाव दिए। मुलाकात करने वालों में अभनपुर जपं के उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सदस्य खनिज न्यास एवं प्राधिकृत अधिकारी राघवेंद्र साहू, संगठन के पदाधिकारियों के अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष नरोतम साहू, यादव राम देवांगन, जानकी साहू, ममता सोनकर, महामंत्री अनिल साहू, रवि वर्मा, मंत्रियों में संतु निषाद, महेश सोनवानी, खेमिन साहू, अम्बिका कोसले, बहादुर अग्रवाल, लक्ष्मण निषाद, सोशल मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार कुंभकार, प्रचार मंत्री मनोज साहू, मीडिया प्रभारी प्रदीप साहू, कार्यालय प्रभारी लक्ष्मीनाथ साहू आदि शामिल थे।

### भाषा विज्ञान के परिणाम 100 प्रतिशत

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा शुक्रवार को एमए भाषा विज्ञान सहित कई विषयों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए। एमए भाषा विज्ञान की परीक्षा में 3 छात्र शामिल हुए थे। तीनों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। इसी तरह से एमएसडब्ल्यू की परीक्षा में शामिल 58 में से 54 छात्र सफल रहे। एमएड की परीक्षा में शामिल 118 छात्रों में से 107 को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। सभी परीक्षा चतुर्थ सेमेस्टर के हैं।

# साढ़े तीन सौ किमी. दूर विशाखापट्टनम में मिल सकता है मादा जेब्रा का हमसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुजरात के जामनगर स्थित अनंत अंबानी के राधे कृष्ण टेंपल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट की मादा जेब्रा जंगल सफारी की मेहमान है। जोड़े में लाए गए नर जेब्रा की मौत के बाद से मादा जेब्रा सफारी में अकेली हो गई है। समूह में विचरण करने वाला वन्यजीव जेब्रा एकाकी जीवन से तनाव में आ सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सफारी प्रबंधन की नर जेब्रा की तलाश जल्द पूरी हो सकती है। मैसूर सहित कई अन्य राज्यों में जेब्रा की तलाश करने के बाद जंगल सफारी प्रबंधन को विशाखापट्टनम स्थित जू में नर जेब्रा के होने की जानकारी मिली है।

विशाखापट्टनम में जिस नर जेब्रा को देखा गया है, वह वहां अकेले रह रहा है। ऐसे में नर जेब्रा को लाने विभागीय अफसरों ने प्रयास तेज कर दिए हैं। विभागीय अफसरों की कोशिश है कि नर जेब्रा को एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत लाया जाए। एनिमल एक्सचेंज पर सहमति नहीं बनने पर सफारी प्रबंधन नर जेब्रा को खरीदने पर विचार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि ढाई माह पूर्व जिस दिन नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत हुई थी। उसके कुछ दिन बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव के हाथों डिस्प्ले कराने की तैयारी थी। नर जेब्रा की मौत के बाद कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

- इंदिरा गांधी जूलॉजिकल पार्क में एकाकी जीवन जी रहे नर जेब्रा को लाने का विचार





जंगल सफारी में एकाकी जीवन जी रही जेब्रा के लिए साथी की तलाश

### पांच साल के प्रयास के बाद जेब्रा लाने हुए थे कामयाब

जंगल सफारी में जेब्रा लाने लिए विभागीय अफसरों ने दक्षिण अफ्रीका तक खोज की थी, लेकिन वहां से जेब्रा लाने में सफल नहीं हुए। सफारी प्रबंधन अनंत अंबानी के ट्रस्ट द्वारा संचालित वनतारा जू को रेयर प्रजाति का सफेद भालू देकर उसके बदले में जेब्रा लाए। जेब्रा लाने के कुछ माह बाद ही नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत होने से सफारी प्रबंधन को बड़ा झटका लगा।

### साढ़े तीन एकड़ बाड़े में विचरण कर रही मादा जेब्रा

मादा जेब्रा वर्तमान में जंगल सफारी में बने साढ़े तीन एकड़ बाड़े में विचरण कर रही है। मादा जेब्रा को ह्यूमन फ्रेंडली बनाने फिलहाल चार से पांच घंटे के लिए बाड़े में छोड़ा जा रहा है। मादा जेब्रा को कुछ समय पहले ही बाड़ा में छोड़ा जा रहा है। नर जेब्रा की मौत के बाद से सफारी प्रबंधन मादा जेब्रा की विशेष निगरानी कर रहे हैं। जू कीपर को जेब्रा की विशेष निगरानी करने निर्देश दिए गए हैं।

---

**भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान नाम से कैट पूरे प्रदेश में चलाएगा स्वदेशी अभियान**

# प्रधानमंत्री मोदी की स्वदेशी अपील का देशभर के व्यापारियों ने किया व्यापक समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नई दिल्ली में कैट की राष्ट्रीय बैठक में देश के 26 राज्यों से व्यापारी नेता शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से भारतीय सामान खरीदो और बेचो की अपील को बड़ा समर्थन देते हुए कैट ने रविवार को घोषणा की कि 10 अगस्त से एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है। यह निर्णय नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद चांदनी चौक प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में लिया गया। कैट के इस राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में देश के 26 राज्यों से आए 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम भारतीय सामान–हमारा स्वाभिमान रखने का निर्णय लिया है। श्री पारवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा दें, तो न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार भी सशक्त होंगे।

### भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन ने अभियान के बारे में बताते हुए कहा, देशभर में फैले 48,000 से अधिक व्यापारी संघटनों की भागीदारी के साथ यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा। हर राज्य व जिले में व्यापारी, उपभोक्ता व नागरिक समाज के साथ सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, पोस्टर, रैलियों व जन संवाद के माध्यम से लोगों को भारतीय उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, व्यापार मंडल, एनजीओ और समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा। अमर पारवानी ने कहा कि विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे भारत के स्थानीय व्यापार को बड़ा नुकसान हो रहा है। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है और कीमत भी उचित है। भारतीय उत्पादों की खरीद से स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और व्यापारियों को समर्थन मिलेगा। विदेशी वस्तुओं की अंधाधुंध खपत से भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है, जिसको रोकना जरूरी है। इससे भारतीय संस्कृति, कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प के संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। कैट की छत्तीसगढ़ की टीम से विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, कांति पटेल, रतनदीप सिंह उपस्थित थे।




---

## खबर संक्षेप



### रक्तदाताओं और डॉक्टर्स का किया सम्मान

**रायपुर।** सिंधु यूथ एसोसिएशन एवं झूलेलाल नवयुवक संघ की ओर से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज और एमएम स्कूल द्वारा सहयोग दिया गया, जहां कुल 250 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। यह जानकारी संस्था के कार्यकारी सदस्य गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि इस शिविर में समाज के अनेक वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं और डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। शिविर में महात्मा आनंदपुर कुटिया, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, पूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा, एमआईसी मेंबर अमर गिदवानी आदि शामिल थे।

### भारती जनसेवा संघ का मित्रता दिवस पर पौधारोपण



**रायपुर।** मित्रता दिवस के अवसर पर भारती जनसेवा संघ द्वारा विप्रनगर रायपुरा में रविवार को पौधारोपण और पौधा वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर हमारा मित्र हमारा वृक्ष अभियान के तहत 50 पौधे बांटे। कार्यक्रम में रायपुर शहर के युवा व्यवसायी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर के सह प्रचार प्रमुख शुभम अग्रवाल एवं माधव नगर के सह नगर कार्यवाह पवन साहू उपस्थित रहे। शुभम अग्रवाल ने कहा कि यह बहुत ही सकारात्मक और समाजसेवी कार्य है। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में भारती जनसेवा संघ के उपाध्यक्ष निश्चय साहू, प्रदेश सचिव हेम श्रीवास, सहसचिव शत्रुहन पटेल और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### घासी-घसिया समाज ने साय सरकार का जताया आभार

**रायपुर।** ओडिशा में नुआखाई त्योहार पर सार्वजनिक अवकाश की अधिसूचना जारी की गई है। इसी तरह विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा पश्चिम ओडिशा में प्रमुख रूप से मनाया जाने वाले त्योहार नुआखाई पर सार्वजनिक अवकाश की अधिसूचना जारी की गई। इस साल यह त्योहार 28 अगस्त को मनाया जाएगा। नुआखाई ओडिशा समाज का एक प्रमुख फसल उत्सव है, जिसे नए धान के स्वागत के लिए मनाया जाता है। इस अधिसूचना पर छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी-घसिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष लखन सागर एवं समस्त पदाधिकारियों ने साय सरकार के अलावा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी का आभार जताया है।

### मिनीमाता स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान के लिए बांटी गई जिम्मेदारियां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 53 वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इसी दिन सतनामी समाज की उत्कृष्ट महिलाओं तथा प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विगत दिनों न्यू राजेंद्रनगर नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक हुई। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खंडे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम दिवस 11 अगस्त को सुबह 9 बजे पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद 11 बजे से राज्यस्तरीय मुख्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में आयोजित होगा।

रायपुर। आईएनएच न्यूज और हरिभूमि के 'ज्ञान धारा शिक्षा संवाद 2025' कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञों, स्कूल-कॉलेज संचालकों और शिक्षाविद ने मौजूदा शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों और समाधान पर गहन चर्चा की। तीन सत्रों में विभाजित इस संवाद में शिक्षा के विभिन्न पहलुओं शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की भूमिका, तकनीकी और सरकारी नीतियों पर विचार साझा किए गए। वक्ताओं ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए, जिसे श्रोताओं ने अत्यंत उपयोगी और उद्देश्यपूर्ण बताया। श्रोताओं की प्रतिक्रिया थी कि यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि इसके माध्यम से सरकार तक एक स्पष्ट संदेश भी पहुंचा है।


केपीएस के चेयरमैन आशुतोष त्रिपाठी का सम्मान करते हुए विधायक पुरंदर मिश्रा

आईएनएच न्यूज और हरिभूमि के संयुक्त तत्वावधान में 'ज्ञान धारा शिक्षा संवाद 2025'

# शिक्षा सुधार पर मंथन


कार्यक्रम में विदेशी छात्र-छात्राओं ने की शिरकत






गृह मंत्री विजय शर्मा का स्वागत करते हुए हरिभूमि के जीएम अनिल गहलावत


मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत करते हुए हरिभूमि के स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा।


राजस्व व खेल मंत्री टंकराम वर्मा का स्वागत करते हरिभूमि के समन्वय संपादक ब्रह्मवीर सिंह।


विधायक गुरु खुशवंत साहेब का स्वागत करते हरिभूमि से प्रसार प्रबंधक अनंतराम साहू


कार्यक्रम के संवाद में डूबे श्रोता।


विधायक गुरु खुशवंत साहेब का स्वागत करते हुए हरिभूमि के मार्केटिंग हेड प्रशांत तिवारी


गृहमंत्री विजय शर्मा का शॉल से सम्मान करते आईएनएच के आउटपुट हेड धीरज शर्मा


मुख्यमंत्री को मोमेंटो देते हुए आईएनएच के स्थानीय संपादक राजेश लाहोटी


विधायक मोतीलाल साहू का स्वागत करते हुए हरिभूमि के अकाउंट मैनेजर अर्निबन गुप्ता


सरस्वती शिशु मंदिर के सचिव संजय जोशी का सम्मान करते हुए विधायक पुरंदर मिश्रा


गृह मंत्री विजय शर्मा व खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने शंकराचार्य कॉलेज भिलाई के चेयरमैन आईपी मिश्रा का स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया।


मैट्स यूनिवर्सिटी के चांसलर गजराज पगारिया का सम्मान


निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष वीके गोयल का सम्मान करते गृह मंत्री विजय शर्मा व खेल मंत्री टंकराम वर्मा


गृह मंत्री का स्वागत प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के महासचिव मोतीलाल जैन ने किया।


विधायक मोतीलाल साहू का स्वागत करते आईएनएच के आदर्श श्रीवास्तव व सोनू।


राजकुमार कॉलेज के प्रिंसिपल लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह का सम्मान विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया।


आईएनएच न्यूज के नेशनल ब्यूरो हेड शैलेश पांडेय ने आभार प्रदर्शन किया


राजीव गुप्ता का सम्मान करते पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा


विधायक पुरंदर मिश्रा को मोमेंटो भेंट करते आईएनएच के संजय बनवासी

# देशभर की झांकियों ने बढ़ाई भक्ति की चमक

## कांवड़ यात्रा में कलाकारों ने बांधा समां, सड़कों पर उमड़ी भीड़



### महाकाल अघोरी झांकी, कथक कली

कांवड़ यात्रा में आकर्षक चलित थ्रीडी डिजाइन में तैयार की गई झांकियों के बीच सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भक्ति में उत्साह का संचार करते नर्तक दलों ने आने-जाने वाले लोगों को मंत्रमुग्ध किया। देश के कोने कोने से आए कलाकारों ने आस्था के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी कांवड़ यात्रा को खास रंग में रंगने का शानदार प्रयास किया। दिल्ली से आई महाकाल अघोरी झांकी, केरल के कथक कली और फ्लॉवर गर्ल्स, उज्जैन के डमरू दल के साथ उत्तरप्रदेश से आए कलाकारों की काली मां की जीवंत झांकी देखने और वीडियो बनाने लोग उत्सुक नजर आए। लोगों के बीच ओडिशा के संबलपुरी कलाकार, छत्तीसगढ़ के पंथी, राउत नाचा और आदिवासी नृत्य तथा स्केटिंग से रंगोली बनते देख लोग रोमांचित नजर आए।





राजधानी में निकली कांवड़ यात्रा में श्रद्धा, सांस्कृतिक भव्यता के बीच देशभर के कई अंचलों की झलक



### गायत्री परिजनों ने किया भव्य स्वागत

कांवड़ यात्रा का 51 किलो फूलों से गायत्री परिवार ने स्वागत किया। कांवड़ यात्रियों के स्वागत यात्रा मार्ग पर 101 स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा, भंडारा एवं आतिशबाजी की गई। भक्तिभाव से श्रद्धालु शामिल हुए और "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण को सराबोर किया। विधायक राजेश मूणत ने आयोजन की सफलता के लिए सभी शहरवासियों, सामाजिक संस्थाओं, सुरक्षा बलों के साथ स्वच्छता कर्मियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि यह आयोजन किसी एक दल का नहीं, बल्कि सनातन समाज की आस्था और शिवभक्ति का उत्सव है। सभी की सहभागिता ने यात्रा को ऐतिहासिक बनाया। अतिथियों में डिप्टी सीएम विजय शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम के साथ ही इस यात्रा में विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी भी शामिल हुए।



**रायपुर।** सावन में शिवजी के साथ उनके दूतों और अवधूतों की झलक भी रविवार को गुढ़ियारी मारुति मंगल से निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा में देखने लायक थी। थ्रीडी डिजाइन में तैयार की गई चलित झांकी इस बार आकर्षण का केंद्र रही। देश के अलग-अलग राज्यों और शहरों से आई कलाकारों की टोली ने लोगों के उत्साह को महादेवघाट स्थित श्री



हाटकेश्वर नाथ मंदिर पहुंचने तक थमने नहीं दिया। गेरुआ वस्त्र पहने हर वर्ग के भक्तों का तांता देखने को मिला। आने जाने वाले लोगों के बीच कलाकारों की भक्तिमय प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। श्रावण मास के अवसर पर रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत की अगवानी में निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा की तैयारी ने भक्ति का शहर में ऐसा रंग जमाया कि इसमें हर वर्ग के लोग सुबह साढ़े 11 से शाम साढ़े 4 बजे तक रमे रहे।

### सीएम साय सहित भक्तों ने उठाया कांवड़

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से सुबह 11 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसमें महामंडलेश्वर कान्हा महाराज द्वारा सात पवित्र नदियों के जल से महामृत्युंजय पार्थिव शिवलिंग का पूजन और अभिषेक किया गया। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा शुरू हुई। इसमें सीएम विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कई मंत्री एवं विधायक कांवड़ यात्रा का हिस्सा बने। सभी ने छत्तीसगढ़ की खुशहाली और समृद्धि के लिए कांवड़ उठाया। विधायक राजेश मूणत के साथ हजारों कांवड़ियों का रेला महादेवघाट के लिए आगे बढ़ा।

### इन मार्गों से जयघोष करते निकले भक्त





हाटकेश्वर नाथ बाबा को कांवड़ में सात पवित्र नदियों का जल लेकर जलाभिषेक करने निकले भक्तों का रेला जिस रूट से होकर आगे बढ़ा। लोगों ने कांवड़ियों के स्वागत के लिए जगह-जगह स्टाल्स भी सजाए। शुक्रवारी बाजार, पहाड़ी चौक, तेलघानी नाका ओवरब्रिज से होते हुए जब कांवड़िए अग्रसेन चौक की ओर बढ़े तो कुछ देर के लिए आवाजाही प्रभावित हुई। रविवार को मार्केट बंद होने की वजह से ज्यादातर मार्गों पर भक्तों का दल एक तरफ से आगे बढ़ा। लाखेनगर चौक, रायपुरा से होते हुए महादेवघाट स्थित बाबा के मंदिर पहुंचने पर सभी भक्तों ने भगवान शिवजी को जल अर्पित करते हुए पुण्य लाभ भी अर्जित किया।

---

**सिटी इवेंट**

## जिंदगी का सफर, मानो तो मौज है, वरना समस्या तो रोज है



**रायपुर।** ऐसे कम ही आयोजन शहर में देखने को मिलते हैं, जिसमें सीनियर सिटीजंस के मर्म और यादों को सहेजने के लिए प्रयास किया गया हो, लेकिन रविवार को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में लाहोटी मित्र मंडल ने एक अनूठी पहल की। इसमें अपने वैवाहिक जीवन के 50 से ज्यादा बसंत साथ बिताने वाले 72 दंपत्ति का स्वागत परात में पांव पखारते हुए किया गया। ऐसा अनूठा स्वागत देख सीनियर सिटीजंस के चेहरे खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। प्रोग्राम की कड़ी में स्टेज पर अनुभव साझा करते हुए भिलाई से आए हनुमान दास लाहोटी और कलावती ने बताया कि हमारी शादी मई 1955 को हुई थी। दंपति ने भावी जोड़ों के बीच जिंदगी जीने के लिए पंच लाइन के साथ स्टेज पर एंट्री करते हुए कहा- जिंदगी का सफर...मानो तो मौज है, वरना समस्या तो रोज है।

### स्वागत में पहनाई पगड़ी और पीली चुनरी

संस्थापक व संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने अनूठी पहल को प्रोग्राम का हिस्सा बनाते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के ऐसे जोड़े, जिनकी शादी 1975 के पूर्व हुई थी। ऐसे विभिन्न वर्गों के 72 दंपत्ति के परात में पवित्र जल से चरण पखारने के बाद मंच पर लाया गया। जहां उन्हें पगड़ी और पीली चुनरी पहनाई गई। इसके बाद सभी दंपति ने एक दूसरे को वरमाला डालते हुए लड्डू से मुंह मीठा कराया। अतिथियों ने उन्हें शिवजी की चांदी पत्रक मूर्ति, श्रीमद भागवत गीता व सुंदरकांड की पत्रिका, तांबे का कछुआ, चांदी की बिछिया, शॉल, श्रीफल, मोमेंटो सहित सुहाग की सामग्री सप्रेम भेंट की। आयोजन में उपस्थित समाजसेवी चिरंजीव लाल लाहोटी, सविता जग्गी, अजंता चौधरी, दीपिका वैष्णव, राजेश सिंह तथा हीरानंद (पप्पू) दुल्हानी ने एक स्वर में सभी जोड़ों को शुभकामना देते हुए बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी एक-दूसरे का मनोबल बढ़ाकर रखना जरूरी होता है। सुख-दुख की नैय्या पार करने में सहन शक्ति की परीक्षा होती है। इस उम्र में एक-दूजे का बिना सहारे के जीना मुश्किल होता है। वहीं 1960 में दांपत्य सूत्र में बंधे गुरमुख दास कुकरेजा और कौशल्या देवी ने विवाह के 65 वर्ष पूर्ण किए।

### 51 और 53 साल पुरानी पोशाक में पहुंचे दो दंपति

इसी तरह राजेंद्र त्रिपाठी और उषा देवी ने संपूर्ण भारत भ्रमण करने के साथ ही दो बार चारों धाम और अमरनाथ की पैदल यात्रा करने का संस्मरण सुनाया। रमेश केला और चंद्रादेवी ने बैलगाड़ी से लेकर हवाई जहाज तक के सफर का अनुभव साझा किया। नंदकिशोर सोनी और कौशल्या देवी ने बताया विवाह के 55 वर्षों में कई बार नोकझोंक हुई, लेकिन 5 मिनट में ही स्थिति सामान्य हो जाती थी। दिनेश गुप्ता और गीता गुप्ता ने रोचक किस्सा सुनाते हुए बताया कि वे विवाह के 28 वर्ष बाद पहली बार सिनेमा देखने गए थे। रत्नेश अग्रवाल और लक्ष्मी 51 वर्ष पूर्व वैवाहिक पोशाक पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसी प्रकार गुढ़ियारी के नंदकिशोर बुब व बादामी बुब भी 53 वर्ष पहले बनवाई वेशभूषा में पहुंचे।

---

## पारंपरिक खेलों से सजी हरियाली तीज रस्साकसी में दिखा नारी शक्ति का दम

### हरियाणा सेवा संघ का तीज महोत्सव एवं समाज मिलन समारोह





**रायपुर।** हरियाणा सेवा संघ छत्तीसगढ़ द्वारा हरियाली तीज महोत्सव एवं समाज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में समाज के ढाई हजार से अधिक सदस्य शामिल हुए। समारोह में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया गया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। बच्चों के लिए विशेष नृत्य प्रतियोगिता रखी गई, जबकि महिलाओं के लिए पारंपरिक खेल जैसे रस्साकसी, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और पारंपरिक खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष सतबीर सिंह तंवर, पवन शर्मा, परवीन, किशन नरवाल, सुरेंद्र शर्मा, चरण शर्मा, नत्थू शर्मा व अन्य सदस्य शामिल हुए।

### पेड़ की डाली पर बनाया सावन झूला

*कार्यक्रम का आयोजन टाटीबंध स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। वहीं 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान सामाजिक स्तर पर कमजोर वर्ग की सेवा के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। यहां सावन झूले को पेड़ की डाल पर रस्सी की मदद से बांधा गया, जो महिलाओं को उनके बचपन की याद दिलाता रहा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक पारंपरिक गानों पर प्रस्तुति दी गई।*



## फ्रेंडशिप डे पर तीन मित्रों ने लगाए पौधे

*रायपुर। फ्रेंडशिप डे के अवसर पर बचपन के तीन मित्रों ने पौधे लगाकर मित्रता दिवस मनाया। तीनों ने प्रतिवर्ष 300 पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर धरमपुरा में पौधारोपण अभियान प्रारंभ किया। फ्रेंडशिप डे पर तीन मित्रों ने लगभग 40 नारियल, 5 चैरी, 5 बेल, तथा 5 शहतूत के फलदार पौधे लगाए। कीर्ति व्यास, रमेश राव एवं योगेश हरि अग्रवाल तथा उनके परिवार द्वारा पिछले 5 वर्षों से हर वर्ष 300 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस सकंल्प को पूरा करने के लिए हर साल परिवार एवं बच्चों के साथ पौधारोपण करते हैं।*

---

**फ्रेंडशिप-डे पर लौटे कॉलेज के दिन, क्लास बंक, टॉपर, बैक बेंचर और ढेरों किस्से**

## गुड मॉर्निंग सर...री-यूनियन सेलिब्रेशन में टीचर ने लगाई 'कम्युनिकेशन' की क्लास, यादों से सजी शाम

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** कौन हो आप, जिनके बिना न हम जीते है, न हम मरते हैं। हां..हमारी कल्पनाओं का साकार हो आप, जिसे कभी भुला न सकेंगे, वो अहसास हो आप...आदरभाव के साथ यह पंक्ति विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को समर्पित करते हुए कही। कविता की हर एक पंक्ति शिक्षक-विद्यार्थियों के लिए हृदय के करीब थी। री-यूनियन सेलिब्रेशन के दौरान जैसे ही फेवरेट टीचर ने माइक थामी, वैसे ही सभागार गुड मॉर्निंग सर...के संबोधन से गूंज उठा।शहर स्थित बेबीलॉन कैपिटल में रविवार को दुर्गा महाविद्यालय से पासआउट 1992 बैच के छात्रों के लिए भव्य री-यूनियन सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर 150 से अधिक पूर्व छात्र और 9 प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों ने न केवल एक-दूसरे से वर्षों बाद मुलाकात की, बल्कि कॉलेज के सुनहरे दिनों की यादों में भी खो गए। फ्रेंडशिप-डे के अवसर पर पुराने दोस्तों ने एक-दूसरे का उसी पुराने अंदाज में गर्मजोशी से स्वागत किया, अरे, ये हमारे क्लास की टॉपर!, ये तो बैक बेंचर था!, इसने तो क्लास बंक करने में पीएचडी कर रखी थी! जैसे संवादों से महफिल में हंसी और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान एक पसंदीदा शिक्षक ने संक्षिप्त रूप में 'कम्युनिकेशन स्किल्स' पर चर्चा की, जिसे सभी ने बड़े ध्यान से सुना और सराहा। कार्यक्रम आयोजक राजेश वासवानी रहे।





### क्लास बंक कर स्वीमिंग पूल भागने की यादें फिर ताजा



कार्यक्रम में पुरानी यादों की महफिल सजी और कॉलेज के दिन फिर से ताजा हो गए। वहीं हरिभूमि से चर्चा के दौरान 1992 बैच के पूर्व छात्र परमजीत कालरा ने कहा कि कॉलेज के दौरान हमारे सबसे फेवरेट टीचर अनिल काकले सर थे, जो हमें इकोनॉमिक्स पढ़ाते थे। सर की पढ़ाई का तरीका इतना असरदार था कि जो वे एक बार समझा देते थे, उसे कोई भूल ही नहीं सकता था। हम दोस्त अक्सर क्लास बंक करके सेंट्रल लाइब्रेरी के पास इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल चले जाते थे। उन दिनों की यादें आज भी मन में ताजगी भर देती हैं।

### री-यूनियन में याद आई सोमनाथ पिकनिक और बैलगाड़ी की सवारी

इस मौके पर उपस्थित भूतपूर्व छात्रा शोभा सोनी ने छात्र जीवन की एक खास याद साझा करते हुए बताया, कॉलेज के दिनों में हम दोस्त मिलकर पिकनिक पर जाते थे।



सभी घर से थोड़ा-थोड़ा खाना लाते और वहीं मिलकर पकाते-खाते थे। एक बार हम सब सोमनाथ पिकनिक पर गए थे, जहां बैलगाड़ी की सवारी की थी। वह अनुभव आज भी जब ख्याल आता है, तब दोस्तों के साथ दोबारा मिलने की इच्छा होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सीएम मुखर्जी, वीएस वर्मा, शैलेंद्र शर्मा, आरके गुप्ता, अजय शर्मा और सुरेंद्र कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व छात्रों ने शिक्षकों के साथ मिलकर री-यूनियन को यादगार बनाया, साथ ही बीते 33 वर्षों में स्वर्गीय साथियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

सिटी स्पोर्ट्स

## कॉलेजों को दी गई अलग-अलग खेलों की जवाबदारी



**रायपुर।** शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय में रायपुर सेक्टर अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिता अलॉटमेंट बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमिताभ बनर्जी ने की। बैठक का संचालन क्रीड़ा अधिकारी (रिटायर्ड) डॉ रामानंद यदु ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्रीड़ा अधिकारी और प्रभारी उपस्थित थे। जिसमे रूपेंद्र सिंह चौहान क्रीड़ा समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़, डॉ प्रमोद मेने एवं डॉ ललित वर्मा (रिटायर्ड क्रीड़ा अधिकारी ), डॉ करमिशष्ठ शंभरकर शास दू ब महिला महाविद्यालय, डॉ नरेश दीवान नेताजी कॉलेज ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन, डॉ सुमित तिवारी रावतपुरा सरकार कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, गोपाल उरकुरकर शास कन्या महा देवेंद्र नगर, प्रकाश चंद्रवंशी शास महा अटारी,प्यारे लाल साहू विवेकानंद महाविद्यालय, विजय शर्मा महंत लक्ष्मी नारायण कॉलेज,राजेश जंघेल पं हरिशंकर कॉलेज, आदर्श मिश्रा प्रगति कॉलेज, राजेश तिवारी विप्र महाविद्यालय, परमेश रावतपुरा कॉलेज, मुकेश सिन्हा सेंट विनसेंट पेलोटी कॉलेज, तुलाराम मंडले मैक कॉलेज, वीरेंद्र जांगड़े शासकीय महाविद्यालय अभनपुर, रिबेका बेक शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, डॉ रिंकू तिवारी गुरुकुल महिला महाविद्यालय, रीना ध्रुव शासकीय महाविद्यालय आरंग, डॉ प्रियंका सिंह क्रीड़ा प्रभारी शासकीय महाविद्यालय गोबरा नवा पारा, लालमन बरवंश क्रीड़ा प्रभारी शासकीय महाविद्यालय नगरी और ललित कुमार शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय उपस्थित थे।

इस दौरान मुख्य रूप से शतरंज– महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय रायपुर, बैडमिंटन -प्रगति महाविद्यालय, टेबल टेनिस शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, फुटबॉल मेंस रावतपुरा कॉलेज ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन, वॉलीबॉल मेंस महंत कॉलेज, वॉलीबॉल वुमेंस शासकीय राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय एथलेटिक्स एवं कबड्डी वुमेंस शास दूब महिला महाविद्यालय, कब्बड्डी मेंस दुर्गा महाविद्यालय, क्रिकेट मेंस एवं खो खो महिला शासकीय महाविद्यालय अभनपुर,खोखो मेंस नेताजी सुभाष कॉलेज ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन, हैंडबाल पु विप्र महाविद्यालय, हैंडबाल वुमेंस डागा कन्या महाविद्यालय, बास्केटबॉल मेंस पेलोटी कॉलेज और बास्केटबॉल वुमेंस गुरुकुल कन्या महाविद्यालय के जिम्मे होगा। यह जानकारी रूपेंद्र सिंह चौहान क्रीड़ा समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने दी।

## स्टैण्ड बॉल की राष्ट्रीय बैठक में सुशील सर्वसम्मति से बने प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** स्टैंड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की सामान्य बैठक बिलासपुर में हुई । जिसमें सर्वसम्मति से सुशील मिश्रा को छत्तीसगढ़ स्टैण्ड बॉ ल एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही राष्ट्रीय कार्यकारणी अध्यक्ष डॉ शंकर यादव को और टेक्निकल हेड के रूप में डॉ ब्रह्मेश श्रीवास्तव चुने गए। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जाविद अली ने बताया कि स्टैण्ड बॉल की आगामी रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें स्टैण्ड बॉल खेल के जनक हिदायत अली की 86 वी पुण्यतिथि पर 16 अगस्त को एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी । वहीं आगामी माह में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता होगी। बैठक में डॉ मनीष श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रदेशों में भी स्टैण्ड बॉल संघ तैयार कर खेल को आगे बढ़ाने की बात कही। डॉ अजय सिंह ने कहा कि सभी प्रदेश स्तर पर इस खेल का पंजीयन और मान्यता प्राप्त करने पर जोर दिया जाए। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने कहा कि हम सब मिलकर इस खेल को एक राष्ट्रीय पहचान देंगे। टेक्निकल हेड ब्रह्मेश श्रीवास्तव ने कहा सभी जिलों और प्रदेश स्तर पर तकनीकी विकास किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के खेल संचालक डॉ प्रमोद तिवारी ने बताया कि हम प्रयासरत है यह खेल विश्विद्यालय खेल कैलेंडर में शामिल हो सके। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के डीन डॉ शंकर यादव ने कहा कि हमने विश्वविद्यालय स्तर पर इसका आयोजन कराया है जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ शाजिया अली, डॉ गणेश खांडेकर, डॉ मनीष मुखर्जी आदि ने भी अपने विचार रखें।



### वायु प्रदूषण आज सबसे बड़ी चुनौती

# सिर्फ धूम्रपान से ही खराब नहीं हो रहे फेफड़े, आपकी ये आदतें भी चुपचाप पहुंचा रही नुकसान

वायु प्रदूषण श्वसन संबंधित समस्याओं का प्रमुख कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वायु प्रदूषण हर साल लगभग 70 लाख लोगों की जान लेता है। इसमें फेफड़े सबसे पहले प्रभावित होते हैं। फेफड़ों की बीमारियां कुछ दशकों पहले तक उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्याओं के रूप में जानी जाती थीं, हालांकि अब कम उम्र के लोग यहां तक कि 30 की उम्र से पहले वाले भी इसका शिकार हो रहे हैं। जब भी फेफड़ों की बीमारी की बात आती है तो इसके लिए सबसे पहले धूम्रपान को जिम्मेदार मान जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आप कभी सिगरेट को छूते भी नहीं, तब भी आपके फेफड़े खतरे में हो सकते हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है, जो लगभग 85 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है, इसलिए तंबाकू का सेवन न करना फेफड़ों के कैंसर को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है। हालांकि फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए यही काफी नहीं है। हमारे आसपास की कुछ सामान्य चीजें जैसे प्रदूषित हवा, अगरबत्ती या किचन का धुआं आपके फेफड़ों को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा रही हैं। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इन चीजों का प्रभाव समय के साथ गंभीर हो सकता है और ये फेफड़ों की कार्यक्षमता को कम कर सकती हैं।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

लखनऊ स्थित अस्पताल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रवि प्रकाश सिंह बताते हैं, फेफड़ों की देखभाल का मतलब सिर्फ धूम्रपान से दूरी बना लेना नहीं है। आपको लाइफस्टाइल और अपने आसपास के पर्यावरण और अन्य पारिस्थितिक तंत्रों पर भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। फेफड़ों को मजबूत बनाने और इन्हें स्वस्थ रखने के लिए रोजाना सांस लेने के व्यायाम, थोड़ी देर वॉक करने की आदत, तरल पदार्थों का सेवन और प्रदूषण से बचने जैसे उपाय जरूरी हैं। आइए उन स्थितियों के बारे में जानते हैं जो देखने में तो हानिरहित लगती हैं, लेकिन धीरे-धीरे फेफड़ों की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।

### वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना



वायु प्रदूषण श्वसन संबंधित समस्याओं का प्रमुख कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वायु प्रदूषण हर साल लगभग 70 लाख लोगों की जान लेता है। इसमें फेफड़े सबसे पहले प्रभावित होते हैं। प्रदूषित हवा में मौजूद पीएम 2.5 और एनओ जैसी सूक्ष्म कणिकाएं सांस के जरिए फेफड़ों में जाकर सूजन और कैंसर तक पैदा कर सकती हैं। जिन स्थानों पर प्रदूषण अधिक होता है वहां लंग्स से संबंधित समस्याओं का जोखिम भी अधिक देखा जाता रहा है।

### घरों का धुआं

लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, लकड़ी, गोबर या कोयले से खाना बनाने वाले घरों में रहने वालों को क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) का खतरा 4 गुना तक बढ़ जाता है। यह धुआं फेफड़ों की वायुमार्ग को नुकसान पहुंचाता है और सांस लेने की क्षमता को कमजोर बना देता है। हालांकि सरकार के प्रयासों की मदद से इस तरह के घरेलू धुएं को कंट्रोल करने में विशेष मदद मिली है।

अमेरिकन लंग्स एसोसिएशन की रिपोर्ट कहती है, रूम फ्रेशनर या सेंटेड कैंडल्स भी आपके फेफड़ों को क्षति पहुंचाने वाले हो सकती हैं।

# बॉल बैडमिंटन में महासमुंद और बस्तर की टीम रही विजेता

**भिलाई।** 25वी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन, 1 अगस्त से 3 अगस्त तक भिलाई के बीएसपी बॉल बैडमिंटन कंपलेक्स, सेक्टर- 4 में किया गया। जिसमें राज्य की विभिन्न जिलों से टीम ने हिस्सा लिया।

पांचवे मैच में बस्तर का सामना रायगढ़ से हुआ जिस में बस्तर ने 35-05, 35-07 मैच को जीता, छठवें मैच में कोरिया और दुर्ग के बीच खेला गया जिसमें दुर्ग ने 35-05, 35-06 से मैच जीता और बालिका वर्ग में अंतिम मैच में बिलासपुर और कोरिया के बीच खेला गया है जिसमें बिलासपुर 35-04, 35-07 से मैच को जीता।

- 25वी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ भिलाई मे



दूसरे दिन भी खेल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला जिस में प्रथम मैच के रूप में क्वार्टर फाइनल मैच देखने को मिला जिस में बस्तर और बीएसपी के बीच खेला गया। जिसमें बस्तर ने 35-04, 35-05 से जीत, वही दूसरे मैच में धमतरी और गरियाबंद का आमना सामना हुआ। जिस में धमतरी ने 35-12, 35-14 से जीता। तीसरे मैच के रूप में महासमुंद और दुर्ग के बीच खेला गया। जिस में महासमुंद ने 35-14, 35-18 से जीता और इस के बाद सेमी फाइनल मैच खेल गए। जिसमें पहला मैच बस्तर और बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमें बस्तर ने 35-16 और 35-17 से जीता और फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में धमतरी और महासमुंद के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें धमतरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 35-22 और 35-15 से मैच को जीता और फाइनल में बस्तर के सामने हुई। तीसरे दिन फाइनल मैच बस्तर और धमतरी के बीच हुआ। जिसमें बस्तर जिले की बालिका ने 35-24 और 36-34 से मैच को जीता और चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पहले दिन बालक वर्ग में प्रथम मैच बस्तर और बिलासपुर जिले के बीच खेला गया। जिसमें बिलासपुर जिले मैं 35-25 35-26 से जीत हासिल की। वहीं दूसरे मैच में धमतरी का सामना महासमुंद जिले से हुआ। जिसमें धमतरी जिले में 30-35 35-31 और 37-35 से जीत अपने नाम की। तीसरे मैच में दुर्ग और रायगढ़ से हुआ । जिस में दुर्ग ने 35-17, 35-32 से जीता। चौथे मैच में गरियाबंद और रायगढ़ का मुकाबला हुआ। जिसमें गरियाबंद ने 35-31, 35-37 और 35-33 से मात दी। पांचवें मैच में दुर्ग से गरियाबंद का सामना हुआ। जिस में दुर्ग ने 35-23, 35-24 से जीता।



## डायबिटीज से बचे रहना आसान और कारगर, जानिए कुछ उपाय

3स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, 10-10-10 रूल का अगर कम उम्र से पालन कर लिया जाए तो ये आपकी सेहत के ठीक रखने में काफी मददगार हो सकता है। इसमें न तो भारी एक्सरसाइज की जरूरत होती है, न ही किसी विशेष आहार की। ब्लड शुगर हाई रहने की समस्या यानी डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम सभी उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। आजकल की दौड़भाग भरी जिंदगी में डायबिटीज एक आम लेकिन खतरनाक बीमारी बन चुकी है। भारत में इस रोग के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ गंभीर चिंता जताते हैं।

डॉक्टर कहते हैं, गलत खानपान, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण इस रोग का जोखिम तेजी से बढ़ता जा रहा है। आलम ये है कि अब 20 से भी कम उम्र के लोग इस गंभीर बीमारी का शिकार होते जा रहे हैं। इस बीमारी के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को कम उम्र से ही बचाव के उपाय करते रहने की सलाह देते है। डॉक्टर




कहते हैं, अगर समय रहते कुछ आसान नियमों को अपना लिया जाए, तो न सिर्फ डायबिटीज के खतरे को कम किया जा सकता है बल्कि आप इस बीमारी के कारण होने वाली कई तरह की अन्य जटिलताओं से भी बचे रह सकते हैं। विशेषज्ञों की टीम ने डायबिटीज से बचाव के लिए 10-10-10 रूल बताया है जिससे आप इस रोग के खतरे को कम कर सकते हैं।

### क्या है 10-10-10 रूल?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, 10-10-10 रूल का अगर कम उम्र से पालन कर लिया जाए तो ये आपकी सेहत के ठीक रखने में काफी मददगार हो सकता है। इसमें न तो भारी एक्सरसाइज की जरूरत होती है, न ही किसी विशेष आहार की। बस दिनचर्या में मामूली बदलाव करके आप अपनी शुगर को कंट्रोल में रख सकते हैं। आइए जानते हैं क्या है ये 10-10-10 नियम और कैसे यह आपके स्वास्थ्य को डायबिटीज से बचा सकता है? इसके तीन प्रमुख नियम हैं। भोजन के बाद 10 मिनट टहलने की बनाएं आदत। हर 10 दिन में एक बार अपनी हेल्थ एक्टिविटी चेक करें। 10% वजन घटाएं अगर आप ओवरवेट हैं।

### भोजन के बाद 10 मिनट की वॉक

न्यूजीलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ने एक अध्ययन में पाया गया कि भोजन के बाद 10 मिनट की हल्की वॉक ब्लड शुगर को बढ़ने से रोकने में मदद करती है। खाने के बाद वॉक करने से भोजन में मौजूद ग्लूकोज के स्तर को शरीर बेहतर तरीके से इस्तेमाल में ला पाता है और इसका उपयोग ऊर्जा के रूप में होता है।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जेम्स बॉन्ड' के लिए ज़ेन ज़ी वाले नए नामों की है खूब चर्चा



हॉलीवुड की फेमस फ्रेंचाइजी 'जेम्ड बॉन्ड' की 26वें इंस्टॉलमेंट को लेकर चर्चा खूब हो रही है। डेनियर क्रेग की रिटायरमेंट की खबरों के बाद इस फिल्म के लिए ज़ेन ज़ी वाले तीन कलाकारों के नाम इस वक्त इंटरनेट पर छाए हैं। अगली फिल्म का निर्देशन कनाडाई फिल्म डायरेक्टर, राइटर और प्रड्यूसर डेनिस विलेन्यूवे करने जा रहे हैं। डेनिस ने 'ड्यून' और 'ब्लेड रनर 2049' के साथ-साथ थ्रिलर फिल्म 'प्रिजनर्स' के लिए भी खूब जाने जाते हैं। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर 007 की भूमिका में अगले चेहरे की तलाश और भी तेज़ हो गई है। पहला ये कि एक्टर वे ब्रिटिश हों, और दूसरी - कि उनकी उम्र 30 साल से कम हो। रिपोर्ट के मुताबिक, यूफोरिया से मशहूर हुए 28 साल के जैकब एलोर्डी जो 'बेबीगर्ल' से मशहूर हुए (और रोड बॉय!) 'हैरिस डिकिंसन', 29 साल, और 'स्पाइडरमैन' से मशहूर हुए 29 साल के टॉम हॉलैंड कथित तौर पर स्टूडियो की पहली पसंद बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जैकब एलोर्डी भले ही ऑस्ट्रेलियाई हों लेकिन स्टूडियो इस नज़रअंदाज़ करने के लिए रेडी है। हालांकि, जहां नए नाम को लेकर चर्चा चेज है वहीं कुछ और दिग्गज कलाकार भी इस रेस में पहले से चर्चा में हैं। इस फिल्म से 57 साल के डेनियल क्रेग के रिटायरमेंट के बाद से एरॉल टेलर जॉनसन (35), इदरीस एल्बा (52, हाल ही में हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आए ) और 'सुपरमैन' एक्टर एलुम हेनरी कैविल (42) की भी चर्चा है। अब ये देखना अधिक दिलचस्प है कि ये फेमस किरदार किनकी झोली में आता है।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत की 'कुली' का ट्रेलर रिलीज, 10 मिनट में ही मिले 10 लाख व्यूज



फैंस का इंतजार आज खत्म हुआ और रजनीकांत की 'कुली' का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर को देखकर ये कहने में कोई गुरेज नहीं कि 14 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर 'वॉर 2' और 'कुली' के बीच एक जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलने वाली है। साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की मच अवेटेड फिल्म 'कुली' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर में रजनीकांत का पुराना अंदाज देखने को मिला है। ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है और हर कोई इसकी चर्चा कर रहा है। जानते हैं ट्रेलर में क्या कुछ है खास। ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया और हर जगह छा गया है। रजनीकांत को लेकर लोगों की दीवानगी का आलम ये है कि 'कुली' के ट्रेलर को 10 मिनट में ही 1 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देख लिया। इससे ये साफ होता है कि 'कुली' को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है और वो फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'कुली' एक एक्शन से भरपूर फिल्म है। इस एक्शन की झलक फिल्म के ट्रेलर में भी देखने को मिली है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन को देखते हुए ही इसे ए सर्टिफिकेट मिला है। रजनीकांत की इस फिल्म का नॉर्थ इंडिया में भी जबरदस्त का क्रेज है। इसकी एक बड़ी वजह सुपरस्टार आमिर खान भी हैं, जिनका फिल्म में कैमियो है। आमिर ट्रेलर लॉन्च इवेंट में भी नजर आए। लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रजनीकांत और आमिर खान के अलावा नागार्जुन, श्रुति हासन, सौबिन शाहीर और सत्यराज भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। एक्शन पैक्ड 'कुली' 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रजनीकांत की 'कुली' का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' से होगा। 'वॉर 2' भी 14 अगस्त को ही सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। दोनों ही फिल्मों में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। ऐसे साथ ही बॉलीवुड की फिल्म 'वॉर 2' में जूनियर एनटीआर साउथ स्टार के तौर पर नजर आएंगे। जबकि साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म में बॉलीवुड स्टार आमिर खान नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## यश कुमार की 'पराया बाप' है पिता-बेटी के इमोशन से भरपूर



भोजपुरी सिनेमा के पॉपुलर एक्टर और प्रोड्यूसर यश कुमार की नई फिल्म 'पराया बाप' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसमें आपको पिता और बेटी के प्यार की अनोखी कहानी देखने को मिलेगी जिसमें लीड एक्टर यश कुमार ही हैं। भोजपुरी सिनेमा के फेमस एक्टर यश कुमार की नई फिल्म 'पराया बाप' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में यश कुमार लीड रोल में नजर आए हैं, जिन्हें एक बच्ची मिलती है और वो उसे गोद ले लेते हैं। इसके बाद की जो जर्नी होती है वो काफी दिलचस्प है और आपको ट्रेलर देखकर अंदाजा लग जाएगा कि ये भोजपुरी फिल्म कितनी कमाल की होने वाली है। फिल्म 'पराया बाप' का ट्रेलर आज यानी 25 जुलाई को ही यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। भोजपुरी एक्टर यश कुमार काफी सालों से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं जहां उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया जाता है और इस बार जो उनकी फिल्म आने वाली है उस फिल्म में भी यश कुमार का काम कमाल का होने वाला है ये आप फिल्म 'पराया बाप' देखकर समझ जाएंगे। इंस्टाग्राम पर यश कुमार ने फिल्म 'पराया बाप' का पोस्टर शेयर किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'फिल्म 'पराया बाप'का ट्रेलर कल सुबह (यानी आज) जरूर देखिएगा, यश कुमार एंटरटेनमेंट यूट्यूब चैनल पर धन्यवाद आपका- यश कुमार।'इस पोस्टर में रोते हुए यश कुमार नजर आ रहे हैं और वहीं फिल्म से जुड़ी डिटेल्स भी शेयर की गई है।

### दो पीढ़ियों का मेल

सदियों पुरानी कढ़ाई तकनीकें अब न्यूनतम डिज़ाइनों के साथ सामने आ रही है। यहां पारंपरिक बाटिक प्रिंटों को आकर्षक शाम के परिधानों में रूपांतरित किया गया है। पुराने और नए का यह खूबसूरत मेल सिर्फ़ फ़ैशन के बारे में नहीं बल्कि दो पीढ़ियों के बीच एक सेतु बनाने के बारे में है। डिजाइनर कोशिश कर रहे हैं कि इनके जरिए सांस्कृतिक विरासत हमारी आधुनिक दुनिया में विकसित और फलती-फूलती रहे।



लाइफ स्टाइल

## ऑयली स्किन वाली महिलाएं मानसून में ऐसे करें त्वचा की केयर, निखर जाएगा चेहरे का ग्लो

अगर आपकी ऑयली स्किन हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आप मानसून में ऑइली स्किन का ख्याल रख सकती हैं।


अधिकतर महिलाएं ऑइली स्किन की वजह से परेशान रहती हैं और वह ऑइली स्किन से राहत पाने के लिए कई उपाय भी करती है। कुछ महिलाएं तो ऐसी हैं, जो बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करती हैं। लेकिन कई कोशिशें के बाद भी उन्हें असर देखने को नहीं मिलता है। अगर आप भी इससे परेशान है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आप मानसून में ऑइली स्किन का ख्याल रख सकती हैं। इससे आपको त्वचा संबंधित समस्या से भी राहत मिल सकती है।

### बरसात के मौसम में ऑइली स्किन की केयर

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक बरसात के मौसम में त्वचा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। चाहे आपकी स्किन ऑयली हो या ड्राई लेकिन मानसून में हर स्किन टाइप की केयर करना जरूरी होता है। ऐसे में ऑइली स्किन वाले कुछ टिप्स को फॉलो कर अपनी स्किन की केयर कर सकती हैं ।

### माइल्ड या सल्फेट फ्री फेस वॉश का करें इस्तेमाल

आप रोजाना दिनभर में दो बार अपने चेहरे को जरूर धोएं। अगर आप



कहीं बाहर घूमने या किसी काम से जा रही है, तो घर आने के थोड़ी देर बाद भी आप अपने चेहरे को धो सकती हैं। इससे धूल मिट्टी और ऑयली स्किन क्लीन होगी। अपने चेहरे को धोने के लिए आप माइल्ड या सल्फेट फ्री फेस वॉश का इस्तेमाल कर सकती है या आपकी स्किन को स्वस्थ रखने में मदद करेगा

### ऑइली स्किन वाले प्रोडक्ट का करें इस्तेमाल

इसके अलावा आप ऑइली स्किन वाले प्रोडक्ट का ही चुनाव करें। अपनी स्किन टाइप के हिसाब से चुने गए प्रोडक्ट ही बरसात के मौसम में आपकी त्वचा को स्वस्थ रख सकते हैं। गलत प्रोडक्ट की वजह से स्किन प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है।

## सिगरेट पैंट के साथ खूब जचेंगी ऐसी कुर्ती, दिखेंगी खूबसूरत



अगर आप भी सिगरेट पेंट ट्राई करने का सोच रही है, तो आपको कुछ ऐसी कुर्ती डिजाइन अपनानी चाहिए, जिन्हें आप सिगरेट पेंट के साथ शामिल कर अपने लुक को खास बना सकती है। फैशन की इस दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ बदलाव होते रहते हैं। ऐसे में इन दिनों सिगरेट पेंट का चलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है। अगर आप भी सिगरेट पेंट ट्राई करने का सोच रही है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी कुर्ती डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप सिगरेट पेंट के साथ शामिल कर अपने लुक को खास बना सकती है।

### साइड स्लिट्स कुर्ती



अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए अगर आप भी डिफरेंट आउटफिट तलाश रही है, तो अब आप सिगरेट पेंट के साथ इस खूबसूरत साइड स्लिट्स कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती को आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं या रेडीमेड भी खरीद सकती है।

### अनारकली स्टाइल कुर्ती

अगर आप अपने कॉलेज में कुछ यूनिट आउटफिट ट्राई करने का सोच रहे हैं और ऐसे में कुर्ती और सिगरेट पैंट पहनना चाहती है, तो आपके लिए यह स्टाइलिश अनारकली स्टाइल कुर्ती भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। सिगरेट पैंट के साथ आप इस कुर्ती को पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आप को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकती है।

### लाल-मैरून प्रिंटेड सीधी कुर्ती

आप चाहे तो अपने घर में होने वाले किसी भी फंक्शन में अपने लुक को डिफरेंट बनाने के लिए सिगरेट पेंट के साथ इस खूबसूरत और स्टाइलिश लाल-मैरून प्रिंटेड सीधी कुर्ती स्ट्रेट कट कुर्ती डिजाइनको भी ट्राई कर सकती है। इस तरह की कुर्ती आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकती है।

## मेकअप करने के बाद जानें ब्रश और स्पंज कैसे करें क्लीन

क्या आप भी अपने मेकअप ब्रश और स्पॉन्ज को यूज करने के बाद ऐसे ही रख देती हैं या फिर उनको बहुत दिनों तक साफ नहीं करती है? अगर ऐसा है तो आज के बाद आपको मेकअप ब्रश से लेकर स्पॉन्ज दोनों चीजों को क्लीन करके रखना होगा। मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। यह बात तो हम सभी जानते हैं, लेकिन मेकअप के साथ हमें थोड़ा हाइजीन का भी ख्याल रखना पड़ता है।

### मेकअप और स्पॉन्ज की कैसे सफाई करें?

आप नीचे बताए जा रहे इन तरीकों से मेकअप ब्रश और स्पॉन्ज की सफाई आसानी से कर सकती हैं। यह तरीके बहुत आसान भी हैं।

### शैंपू से करें क्लीन

यदि आपका मेकअप स्पॉन्ज बहुत ज्यादा गंदा हो गया है और उसका कलर भी बदल गया है तो उसके लिए आप एक बर्तन में शैंपू को घोल लें। अच्छी तरह झाग बना लें। अब उसमें अपने मेकअप ब्रश और स्पॉन्ज को कुछ देर तक



डालकर रखें। थोड़ी देर बाद स्पॉन्ज और ब्रश को हल्के हाथों से रगड़ना है। आप देखेंगी दोनों चीजें एकदम साफ हो चुकी होंगी। इससे आपके ब्रश और स्पॉन्ज की गंदगी बाहर निकल जाएगी।

### सेनेटाइजर से करें साफ

आप यदि अपने मेकअप ब्रश और स्पॉन्ज को अपना और दूसरों का मेकअप करने के बाद ऐसे ही रख देती हैं तो आज के बाद आपको ऐसा बिल्कुल नहीं करना है। इसके बजाय आपको दोनों को सेनेटाइजर की मदद से साफ करके फिर रखना है।

## एक जैसे पायल पहनने के बजाय ट्राई करें लेटेस्ट डिजाइन

अगर आप भी अपने लुक को खास बनाना चाहती है, तो आपके लिए यह लेटेस्ट पायल डिजाइन बेस्ट हो सकती है। जिन्हें पहनकर आप अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती है। महिलाएं अपनी खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए न सिर्फ आउटफिट, बल्कि हर छोटी-छोटी चीजों का बहुत ध्यान रखती है ऐसे में अगर आप भी अपने लुक को खास बनाना चाहती है, तो आपके लिए यह लेटेस्ट पायल डिजाइन बेस्ट हो सकती है। जिन्हें पहनकर आप अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती है।

### सिल्वर फ्लोरल डिजाइन पायल

अगर आप अपने पैरों में पहनने के लिए पायल की नई डिजाइन तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस तरह की खूबसूरत सिल्वर फ्लोरल डिजाइन पायल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की पायल इन दोनों महिलाओं के बीच काफी पॉपुलर है। ऐसे में आप भी इसे पहनकर अपने लुक को डिफरेंट बना सकती है।



### क्रिस्टल ड्रॉप सिल्वर पायल

अगर आप किसी खास तीज त्योहार पर अपने लुक को खास बनाना चाहती है और ऐसे में आप पैरों में पहनने के लिए पायल तलाश रही है, तो आपके लिए यह खूबसूरत क्रिस्टल ड्रॉप सिल्वर पायल एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की पायल आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए और अपने लुक को खास बनाने के लिए अगर आप भी पायल डिजाइन देख रही है, तो आपके लिए यह सिल्वर फ्लोरल स्टोन पायल भी बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।

कार्नर न्यूज

### आपके लुक पर असर पड़ता है स्किन टोन के अनुसार कपड़ों का

## स्किन टोन के अनुसार होने चाहिए आपके कपड़े, जानिए इसकी वजह

आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा कि कपड़े हमेशा स्किन टोन के हिसाब से पहनने चाहिए। इससे लुक अच्छा दिखता है। पर, क्या आप जानते हैं कि ऐसा क्यों कहा जाता है। आपको इसके पीछे की वजह जाननी चाहिए। जिससे आप जान पाएं कि स्किन टोन का पता कैसे लगाएं। क्योंकि बहुत से लोगों को आज भी ये नहीं पता है कि आखिर उनकी स्किन टोन है क्या ?

### स्किन टोन के हिसाब से कपड़े पहनना कितना सही ?

सबसे पहला सवाल यही आता है स्किन टोन के हिसाब से कपड़े पहनना कितना सही है ? दरअसल, स्किन टोन के हिसाब से कपड़े पहनना होता तो काफी अच्छा है, लेकिन ये अनिवार्य नहीं होता। स्किन टोन रूल को फॉलो करने से बस आपका चेहरा और फ्रेश और खिला-खिला दिख सकता है। सही रंग का आउटफिट आपके पूरे लुक को बेलेंस रखने में मदद करता है। इससे लुक काफी निखरकर आता है।



### कैसे करें स्किन टोन की पहचान?

अब बारी आती है ये जानने की कि आखिर अपनी स्किन टोन की पहचान कैसे करे। पहले ये समझ लें कि स्किन टोन तीन प्रकार की होती है। अपनी स्किन टोन पहचानने के लिए कलाई की नसों को देखना है। वॉर्म स्किन टोन वाले लोगों की कलाई की नसें हरी दिखती हैं। आपकी नसें नीली या बैंगनी दिखती हैं, तो आपकी स्किन टोन कूल है। वहीं जिन लोगों की कलाई की नसें हरे और नीले दोनों रंग की दिखती हैं, तो मतलब साफ है कि आप आप न्यूट्रल स्किन टोन में आते हैं। यहां हम आपको ये भी बताएंगे कि किस स्किन टोन पर कैसा आउटफिट जचता है।

### कूल स्किन टोन वालों के लिए

यदि आपकी स्किन टोन कूल है तो आपपर ब्लू, पिंक, पर्पल, सिल्वर, ग्रे रंग के आउटफिट खूब जचेंगे। कूल स्किन टोन वाले लोगों को बहुत ज्यादा ब्राइट रंग की आउटफिट से बचकर रहना चाहिए। स्किन टोन के अनुसार कपड़े पहनना कितना जरूरी है? जानें इस बारे में सबकुछ  अक्सर आपने लोगों को कहते सुना होगा कि कपड़े हमेशा स्किन टोन के हिसाब से पहनने चाहिए। आइए आपको बताते हैं इसके पीछे की वजह क्या है ?  आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा कि कपड़े हमेशा स्किन टोन के हिसाब से पहनने चाहिए। इससे लुक अच्छा दिखता है। पर, क्या आप जानते हैं कि ऐसा क्यों कहा जाता है।

